रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/93 REGD. NO. D.L.-3.

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 320] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 1, 1993/ज्येष्ठ 11, 1915
No. 320] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 1, 1993/JYAISTHA 11, 1915

लोक सभा सचिवालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 जून, 1993

का.आ. 350 (अ) :—भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अन्तर्गत लोक सभा अध्यक्ष का दिनांक 1 जून, 1993 का निम्नलिखित विनिश्चय एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है :—

"माननीय लोक सभा अध्यक्ष के समक्ष

7 अगस्त, 1992 को जनता दल विधान मंडल दल के 20 सदस्यों द्वारा दायर आवेदन के विषय में

तथा

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा सर्वश्री राम सुन्दर दास, गोविन्द चन्द्र मुंडा, गुलाम मोहम्मद खां तथा राम वदन, संसद सदस्यों के विरुद्ध दायर चार याचिकाओं के विषय में

तथा

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा सर्वश्री अनादि चरण दास, सूर्य नारायण यादव, राम लखन सिंह यादव, राम शरण यादव, रोशन लाल, अर्जुन सिंह यादव, अभय प्रताप सिंह तथा उपेन्द्र नाथ वर्मा, संसद सदस्यों के विरुद्ध दायर आठ याचिकाओं के विषय में

तथा

श्री श्रीकान्त जैना द्वारा (एक) सर्वश्री अजित सिंह, रशीद मसूद, हरपाल पंवार तथा सत्यपाल सिंह यादव तथा (दो) सर्वश्री राजनाथ सोनकर शास्त्री, रामनिहोर राय, राम अवध तथा शिवशरण वर्मा, संसद सदस्यों के विरुद्ध दायर दो संयुक्त याचिकाओं के विषय में ।

तथ्य

तर्क के मुख्य मुद्दे

1. जनता दल के 59 सदस्य दसवीं लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए । श्री वी.पी. सिंह जनता दल संसदीय दल के नेता थे ।

2. 7-8-1992 को सर्वश्री राम लखन सिंह यादव, राम शरण यादव, राम सुन्दर दास, उपेन्द्र नाथ वर्मा, सूर्य-नारायण यादव, गोविन्द चन्द्र मुन्डा, अनादि चरण दास, अजित सिंह, रशीद मसूद, हरपाल पवांर, अभय प्रताप सिंह, गुलाम मोहम्मद खां, राम निहोर राय, राम बदन, राम अवध, आर. सोनकर शास्त्री, शिवशरण वर्मा, सत्यपाल सिंह यादव, अर्जुन सिंह यादव तथा रोशन लाल ने अध्यक्ष को एक आवेदन पत्र दिया जिसमें कहा गया कि उन्हें लोक सभा में अलग सीटें दी जाए । इस पर "बी-1" चिन्हित् किया गया है ।

3. इस आवेदन पत्र पर लोक सभा के उपरोक्त 20 सदस्यों के हस्ताक्षर थे तथा चार अन्य सदस्यों के भी हस्ताक्षर थे । ये चार हस्ताक्षरकर्ता अध्यक्ष को आवेदन पत्र देते समय उन 20 सदस्यों के साथ नहीं गए थे ।

4. इन 20 सदस्यों को आवेदन पत्र पर पुनः हस्ताक्षर करने को कहा गया ताकि इस बात की पुष्टि की जा सके कि इन्होंने स्वेच्छा से आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं ।

5. उक्त आवेदन पत्र की एक फोटो प्रति श्री वी.पी. सिंह के पास उनकी टिप्पणी के लिए भेजी गई ।

6. श्री वी.पी. सिंह ने अपना लिखित वक्तव्य 11-8-92 को भेजा।

7. उनके लिखित वक्तव्य में सारत : निम्नलिखित बातें कही गयीं थीं :

(एक) सर्वश्री अजित सिंह, रशीद मसूद, हरपाल पंवार तथा सत्यपाल सिंह यादव सभी लोक सभा सदस्यों को जनता दल के अध्यक्ष श्री एस. आर. बोम्मई द्वारा जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था । श्री अजित सिंह को 26-12-1991 को निष्कासित किया गया था । तीन अन्य सदस्यों को जनवरी, 1992 के माह में निष्कासित किया गया था ।

(दो) सर्वश्री आर. सोलकर शास्त्री, रामनिहोर राय, राम अवध तथा शिव शरण वर्मा, सभी लोक सभा सदस्यों को जनता दल के अध्यक्ष श्री एस.आर. बोम्मई द्वारा जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से 19-7-1992 को निष्कासित किया गया था ।

(तीन) इसलिए उपरोक्त आठ सदस्यों को जनता दल विधान मंडल पार्टी की सदस्यता भी समाप्त हो गई ।

(चार) इसलिए ये सदस्य उन 20 सदस्यों के ग्रुप का अंग नहीं बन सकते जो अपने मूल दल अर्थात् जनता दल से अलग होना चाहते हैं ।

(पांच) सर्वश्री राम सुन्दर दास, गोविन्द चन्द्र मुन्डा, गुलाम मोहम्मद खां तथा राम बदन सभी लोक सभा सदस्यों ने उन व्हिपों का उल्लंघन किया जो 17-7-1992 को सरकार विरुद्ध पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मत देने के लिए उन्हें जारी किये गये थे । भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के नियम 2(1) (ख) के उपबन्धों के अधीन वे निरर्ह हो गए हैं तथा 17-7-1992 से वे लोक सभा के सदस्य नहीं रहे हैं ।

(छह) इस प्रकार 20 सदस्यों में से 12 सदस्य निरर्हित हो गए थे और लोक सभा के सदस्य नहीं रहे ।

(सात) सर्वश्री रामशरण यादव, अभय प्रताप सिंह, रामलखन सिंह यादव, अनादि चरण दास, रोशन लाल, अर्जुन सिंह यादव, उपेन्द्रनाथ वर्मा और सूर्य नारायण यादव—लोक सभा के ये सभी आठ सदस्य जनता दल संसदीय दल के एक तिहाई सदस्यों का ग्रुप नहीं बना सके जो भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 3 के उपबंध के अनुसार जनता दल से पृथक हो सके । वे सभी दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के अधीन निरर्हित हुए और 7-8-1992 से लोक सभा के सदस्य नहीं रहे ।

(आठ) इसलिए, उपर्युक्त 20 सदस्यों का आवेदन अस्वीकृत किया जाना चाहिए ।

8. दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(ख) के निबंधनों के अनुसार श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, ने सर्वश्री राम सुन्दर दास, गोविन्द चन्द्र मुंडा, गुलाम मोहम्मद खां और राम बदन, सभी लोक सभा सदस्यों, के विरुद्ध 11-8-1992 को याचिकाएं दायर की ।

9. सार रूप में, याचिकाओं में संगत मुद्दे एक समान हैं । वे इस प्रकार से हैं :

(एक) प्रत्यर्थियों को सरकार के विरुद्ध पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मत देने का निर्देश दिया गया था ।

(दो) 17-7-1992 को उपर्युक्त प्रस्ताव पर मतदान हुआ ।

(तीन) प्रत्यर्थियों ने मतदान में भाग नहीं लिया और उन्हें जारी किए गए व्हिप का स्वेच्छा से उल्लंघन किया ।

(चार) इसलिए, वे निरर्हित हो गए और 17-7-1992 से लोक सभा के सदस्य नहीं रहे ।

(पांच) याचिकादाता ने इस आशय की घोषणा करने की मांग की ।

10. प्रत्यर्थियों ने 19-8-1992 को अपने लिखित वक्तव्य दायर किए ।

सार रूप में उन्होंने कहा कि :

(एक) उन्होंने व्हिप का उल्लंघन स्वैच्छा से नहीं किया था ।

(दो) उन्होंने प्रस्ताव पर पार्टी के निदेशानुसार मत देने का प्रयास किया था।

(तीन) परन्तु, प्रत्येक लिखित वक्तव्य के पैरा 11 में दिए गए कारणों की वजह से वे उन्हे जारी किए गए व्हिपों का पालन नही कर सके।

(चार) उनके कार्य अनैच्छिक थे और इसलिए उन्हें निरर्हित नही किया जा सकता था।

11. श्री राम सुन्दर दास ने अपने लिखित वक्तव्य के पैरा 11 मे सार रूप में कहा है कि—

(एक) अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान वाले दिन वह संसद ग्रंथालय में आराम कर रहे थे क्योंकि रक्तचाप के कारण उनकी तबियत ठीक नही थी।

(दो) जब मत विभाजन घंटी बजी तो वह लोक सभा कक्ष की ओर दौड़े।

(तीन) तथापि, जिस समय वह लोक सभा कक्ष में प्रवेश-द्वार तक पहुंचे उस समय द्वार बंद हो चुके थे और वह कक्ष में प्रवेश नही कर सके।

(चार) वह प्रस्ताव के पक्ष मे मतदान करना चाहते थे लेकिन वह नही कर सके।

(पाच) मतदान न करने का उनका कार्य अनैच्छिक था।

(छह) अतः वह निरर्हित नही किये जा सकते।

12. श्री गोविंद चन्द्र मुंडा ने अपने लिखित वक्तव्य के पैरा 11 मे, सारांश में, कहा है कि :—

(एक) वह 15, 16 और 17 जुलाई, 1992 को स्वस्थ नही थे और सर्वाइकल स्पोंडिलाइटिस के कारण गर्दन और शरीर में तीव्र दर्द से पीड़ित थे।

(दो) 17-7-1992 को उन्होंने लोक सभा के प्रातः कालीन सत्र में भाग लिया। लेकिन दोपहर बाद वह अस्वस्थ होने के कारण अपने घर चले गये और उन्होंने कुछ हर्बल औषधि ली जिससे वह मूर्च्छित हो गये।

(तीन) वह प्रस्ताव पर मतदान करना चाहते थे। उन्होंने अपने दल के नेता को सूचित किया था कि यदि सभा मे मतदान के लिए उनकी उपस्थिति अपेक्षित है तो उन्हें प्रस्ताव पर मतदान करने के लिए डाक्टर की अनुमति से एम्बूलेंस मे लोक सभा ले जाया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नही किया गया।

(चार) उनका मतदान में अनुपस्थित रहना अनैच्छिक था।

(पांच) अतः वह निरर्हित नहीं किये जा सकते।

13. श्री गुलाम मोहम्मद खां ने अपने लिखित वक्तव्य के पैरा संख्या 11 में, सारांश में, कहा है कि—

(एक) वह मधुमेह और अन्य बीमारियों से पीड़ित थे और वह 17-7-1992 को और उससे दो दिन पहले तक स्वस्थ नहीं थे।

(दो) उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया था और 17-7-1992 को वह अस्पताल में थे।

(तीन) वह प्रस्ताव पर मतदान करना चाहते थे।

(चार) अतः उन्होंने दल के नेता को सूचित कर दिया था कि यदि सभा में उनकी उपस्थिति जरूरी है तो उन्हे डाक्टर की अनुमति से सभा में ले जाया जा सकता है।

(पांच) मतदान न करने का उनका कार्य अनैच्छिक था।

(छह) अतः वह निरर्हित नहीं किये जा सकते।

14. श्री राम बदन ने अपने लिखित वक्तव्य के पैरा 11 में कहा है कि :—

(एक) वह 17-7-1992 को लोक सभा में उपस्थित थे और उन्होंने प्रस्ताव के समर्थन में बटन दबाया था।

(दो) उनकी नजर कमजोर है। अतः वह बोर्ड की तरफ देख कर यह पता नहीं लगा सके कि उनका वोट सही ढंग से रिकार्ड हुआ है या नही।

(तीन) उन्होंने सभा मे परिचर से, जो सदस्यों को अपने गलत रिकार्ड किए गये वोट में शुद्धि करने के लिए पर्चियां दे रहा था, पूछा था कि क्या उनका वोट रिकार्ड हो गया है। परिचर ने उन्हें सूचित किया था कि उनका वोट रिकार्ड हो गया है।

(चार) बाद में उन्हें पता चला कि उनका वोट रिकार्ड नही हुआ है।

(पाच) वह प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करना चाहते थे।

(छह) उन्होंने स्वैच्छिक रूप से व्हिप का उल्लंघन नहीं किया था।

(सात) अतः वह निरर्हित नही किये जा सकते ।

15. दसवी अनुसूची के पैरा 2(1) (क) के संबंध मे श्री वी पी. सिह ने 22-8-1992 को सर्वश्री राम शरण यादव, अभय प्रताप सिह, रामलखन सिह यादव, अनादिचरण दास, रोशन लाल, अर्जुन सिह यादव, उपेन्द्रनाथ वर्मा तथा सूर्य नारायण यादव, सभी लोक सभा के सदस्य, के विरुद्ध आठ याचिकाए प्रस्तुत की ।

16. साराश मे, प्रतिवादियो के नामो को छोड़कर, याचिकाओ का विषय एक समान है तथा प्रतिवादियो के नाम इस प्रकार है —

(एक) सर्वश्री अजित सिह, रशीद मसूद, हरपाल पवार, सत्यपाल सिह यादव, आर. सोनकर शास्त्री, रामनिहोर राय, राम अवध और शिवशरण वर्मा को पार्टी अध्यक्ष श्री एस.आर बोम्मई द्वारा जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था । अत उन्होने विधानमंडल दल की अपनी-अपनी सदस्यता खो दी थी। उन्होने एक ग्रुप बना लिया।

(दो) सर्वश्री राम सुन्दर दास, गोविन्द चन्द्र मुडा, गुलाम मोहम्मद खा तथा राम बदन ने 17-7-1992 को उन्हे जारी किये गये व्हिप का उल्लंघन किया था तथा दसवी अनुसूची के पैरा 2(1)(ख) के अधीन निरर्हित हो गए थे और 17-7-1992 से लोक सभा के सदस्य नही रहे । उन्होने दूसरा ग्रुप बना लिया।

(तीन) आठ प्रत्यर्थियो ने तीसरा ग्रुप बना लिया।

(चार) तीन ग्रुप एक ऐसा संयुक्त ग्रुप नही बना सके जिसमे वे निरर्हित हुए बिना जनता दल से अलग हो सके ।

(पांच) प्रत्यर्थी दसवी अनुसूची के पैरा 3(क)(1) मे उपबंधित उन्मुक्ति का लाभ नही उठा सके क्योकि 7-8-1992 को उनकी संख्या जनता दल के 51 सदस्यो की सख्या का एक-तिहाई नही थी क्योंकि निष्कासित किये गये आठ सदस्यो को तथा उन चार सदस्यो को जो 17-7-1992 से लोक सभा के सदस्य नही रह गये थे, उनके साथ ग्रुप मे नही गिना जा सका था ।

(छ) जैसा कि अपेक्षित है, जनता दल का संसद के बाहर विभाजन नही हुआ था, जिससे जनता दल विधान मंडल दल का विधिक रुप मे विभाजन हो सके ।

(सात) याचिकादाता ने इस आशय की घोषणा करने की प्रार्थना की है कि प्रत्यर्थी निरर्हित हो गये है तथा 7-8-1992 से लोक सभा के सदस्य नही रहे है ।

17 प्रत्यर्थियो ने 31-8-1992 को अपने-अपने लिखित वक्तव्य दाखिल किये ।

18 सार रूप मे उनमें यह कहा गया है कि :

(एक) सविधान की दसवी अनुसूची के अनुसार दल के नेताओ द्वारा आठ सदस्यो को निष्कासित नही किया जा सका ।

(दो) चार सदस्यो ने स्वेच्छा से मतदान में भाग नही लिया तथा स्वेच्छा से व्हिप का उल्लघन नही किया था तथा लोक सभा से उनकी सदस्यता समाप्त नही हुई थी ।

(तीन) 7-8-1992 को जनता दल विधान मडल दल के 59 सदस्य थे ।

(चार) 7-8-1992 को जनता दल विधान मडल दल विभाजित हो गया था ।

(पाच) जिन 20 सदस्यो ने एक ग्रुप बनाया था तथा जो जनता दल विधायक दल की सदस्य-सख्या के एक-तिहाई से अधिक थे, और जिन्होने अलग बैठने की अनुमति मागी थी, तथा दल मे विभाजन किया था, वे अनर्हता के पात्र नही थे तथा भारत के संविधान की दसवी अनुसूची के पैरा 3(क) (एक) के उपबध को देखते हुए लोक सभा के सदस्य बने रहे ।

(छ) अजित सिह गुट ने मूल जनता दल होने का दावा किया ।

(सात) अत याचिकायें अस्वीकार की जानी चाहिये थी ।

19. लोक सभा सदस्य तथा जनता दल के संसदीय दल के मुख्य सचेतक श्री श्रीकात जेना ने 3-10-1992 को दसवी अनुसूची के पैरा 2(1)(क) तथा पैरा 6 के अधीन सर्वश्री अजित सिह, रशीद मसूद, हरपाल पवार और सत्यपाल सिह यादव के विरुद्ध एक याचिका दायर की ।

20 सक्षेप मे, याचिका मे उठाई गई मुख्य बाते है .—

(एक) प्रतिवादियो ने दावा किया कि 5-2-1992 को जनता दल का विभाजन हुआ था और श्री अजित सिह के नाम का दल के अध्यक्ष के रूप मे अनुमोदन किया गया ।

(दो) जब 5-2-1992 को विभाजन हुआ, तो इसमे लोक सभा के केवल चार सदस्य थे जो दल को विभाजित करने वाले ग्रुप के सदस्य थे।

(तीन) भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 3(क) (एक) के अध्यधीन उन्मुक्ति पाने हेतु चार सदस्य, लोक सभा में जनता दल के सदस्यों के एक-तिहाई के बराबर नहीं थे।

(चार) जनता दल के चार सदस्य अनर्हता के पात्र हो गए तथा व्हिप का उल्लघन करने के कारण 17–7–1992 को लोक सभा से उनकी सदस्यता समाप्त हो गई है ।

(पाच) याचिकादाता ने कहा था कि चार प्रतिवादियों तथा चार अन्य सदस्यों को जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से निकाल दिया गया था और इस प्रकार ससद में जनता दल की उनकी सदस्यता समाप्त हो गई थी ।

(छ) प्रतिवादियों द्वारा दायर किए गए लिखित वक्तव्यों तथा चुनाव आयोग के समक्ष दिए गए वक्तव्यों में की गई इस स्पष्ट स्वीकृति को ध्यान में रखते हुए कि उन्होंने 5–2–1992 को पार्टी का विभाजन किया था, याचिकादाता प्रार्थना करता है कि यह घोषणा की जाये कि प्रतिवादी अनर्हता के पात्र हो गए तथा 5-2-92 से लोक सभा में उनकी सदस्यता समाप्त हो गई।

21. प्रतिवादियों ने 4–11–1992 को अपना लिखित वक्तव्य दिया।

22 सारांश में प्रतिवादियों का कहना है कि ––

(एक) याचिकादाता को अनुमोदन तथा निरनुमोदन की अनुमति नहीं दी जा सकती ।

(दो) याचिकादाता यह नहीं कह सकता कि प्रतिवादी जनता दल तथा जनता दल ससदीय दल के सदस्य नहीं है, क्योंकि उन्हें दल से निकाल दिया गया था और कि उन्हें अनर्ह घोषित किया जाए तथा 5-2-1992 से लोक सभा से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाए।

(तीन) प्रतिवादियों का ग्रुप वास्तविक जनता दल है और इसलिए ससद में दल के सभी सदस्य उनके ग्रुप से संबंधित है, जब तक कि वे विशेष रूप से अन्यथा घोषणा नहीं करते ।

(चार) प्रतिवादी याचिका में दी गई अन्य बातों से इनकार करते है ।

(पाच) प्रतिवादी प्रार्थना करते है कि याचिका खारिज की जाए।

23 3 अक्तूबर, 1992 को लोक सभा सदस्य तथा जनता दल संसदीय पार्टी के मुख्य सचेतक श्री श्रीकांत जेना ने भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2 (1) (क) के सदर्भ में सर्वश्री राजनाथ सोनकर शास्त्री, रामनिहोर राय, राम अवध तथा शिव शरण वर्मा, के विरुद्ध एक याचिका दायर की।

24 याचिकादाता के कहने का सार यह है कि .

(एक) श्री अजित सिंह और तीन अन्य सदस्यों को, जो इस मामले में प्रतिवादी है, दल से निकाल दिया गया था;

(दो) श्री राम सुन्दर दास और तीन अन्य सदस्यों ने व्हिप का उल्लघन किया था, और इसलिए वे अनर्हता के पात्र हो गये और 17 जुलाई, 1992 से वे लोक सभा के सदस्य नहीं रहे ।

(तीन) श्री अजित सिंह तथा अन्य ससद सदस्यों ने स्पष्ट शब्दों में यह दावा किया कि 5 फरवरी, 1992 को उनका जनता दल से विभाजन हो गया था और उनका सबध उस घटक से है जो असली जनता दल है । यह दावा उन्होंने अपने द्वारा दिये गए लिखित बयानों में तथा चुनाव आयोग के समक्ष दिये गए बयानों में किया था ।

(चार) इस प्रकार श्री अजित सिंह और तीन अन्य ससद सदस्यों ने सविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 3(ख) के अनुसार पृथक दल का गठन किया था।

(पाच) 7 अगस्त, 1992 को 20 ससद सदस्यों ने लोक सभा अध्यक्ष को एक आवेदन पत्र दिया जिसमें उनके दल से अलग होने की घोषणा करने और उन्हें लोक सभा में बैठने के लिए पृथक स्थान निर्धारित करने का अनुरोध किया गया था ।

(छ) चूंकि श्री अजित सिंह तथा तीन अन्य ससद सदस्यों ने एक पृथक दल का गठन कर लिया था। इसलिए वे जनता दल के उस ग्रुप का हिस्सा नहीं हो सकते थे जो मूल जनता दल से अलग हुआ था।

(सात) शेष 16 सदस्य ससदीय जनता दल के एक तिहाई सदस्यों का ग्रुप नहीं थे । अतः वे अनर्हता के पात्र हो गये ।

(आठ) इस तरह प्रतिवादी अनर्हता के पात्र हो गये तथा वे दसवीं अनुसूची के पैरा 3 (क) (एक) के अनुसार उन्मुक्ति प्राप्त न करने के कारण उसी अनुसूची के पैरा 2(1) (क) के अतर्गत 7 अगस्त, 1992 से लोक सभा के सदस्य नहीं रहे

25 प्रतिवादियों ने 4 नवम्बर, 1992 को अपने लिखित बयान दायर किए।

26 सक्षेप में, प्रतिवादियों का कहना है कि .––

(एक) याचिकादाता को अनुमोदन करने तथा निरनुमोदन करने की अनुमति न दी जाए।

(दो) वे दसवीं अनुसूची के पैरा 3(क) (एक) के अतर्गत उन्मुक्ति का दावा करते है।

(तीन) जनता दल के जिस घटक के वे सदस्य है वही असली जनता दल है तथा इस तरह संसद में जनता दल के सभी सदस्य उनके घटक के सदस्य है जब तक कि वे अन्यथा दावा न करे ।

(चार) अन्य सदस्यो द्वारा व्हिप का उल्लघन करने के कारण उन्हे दल से निकाले जाने तथा अनर्ह ठहराने संबधी सभी बाते तथा अन्य बातो का भी इन्कार किया जाता है ।

(पाच) प्रतिवादी प्रार्थना करते है कि याचिका खारिज की जाए।

कार्यवाही किस तरह संचालित की गई थी ?

27 20 सदस्यों द्वारा दिया गया आवेदन तथा श्री वी पी सिह द्वारा दायर की गई 12 याचिकाओं तथा श्री श्रीकात जेना द्वारा दायर 2 याचिकाओ में कई बाते एक जैसी है । अत पक्षकारो की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि सभी याचिकाओं तथा आवेदन पर एक साथ सुनवाई की जाएगी तथा निर्णय लिया जाएगा।

28 विवाद के पक्षकारो को अपने मुकदमो की स्वय तथा अपने वकीलो के माध्यम से पैरवी करने की अनुमति दी गई । उन्होने अपने अभिवादन दायर किए, गवाहों से पूछताछ की तथा अपने वकीलो के माध्यम से बहस की जिन्होने कानून के बिन्दुओं और तथ्यो पर अपना कार्य अत्युत्तम, सदभावपूर्ण एव न्यायोचित ढग से किया।

29. मोटे तौर पर सिविल प्रक्रिया सहिता का पालन कार्यवाही चलाने में किया गया।

30 जहा कही भी सिविल प्रक्रिया, सहिता का पालन नही किया जा सका उस स्थिति मे स्वाभाविक न्याय के सिद्धाता का पालन किया गया।

31. लोक सभा में राजनीतिक दलो के नेताओ को कानूनी मुद्दो पर मौखिक रूप से और साथ ही लिखित रूप से अपना मत व्यक्त करने की अनुमति दी गई थी ।

32 कार्यवाही को देखने और समाचारर पत्रो तथा प्रचार माध्यम द्वारा इसे प्रकाशित एव प्रसारित करने की अनुमति दी गई थी ।

33 पक्षकारो द्वारा दस्तावेजो एव मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किए गए ।

34. पक्षकारो के वकीलो ने विस्तृत दलीलें पेश की जो 20 घटे तक जारी रही ।

35 साक्ष्य एव दलीलो का शब्दश रिकार्ड किया गया। वे आडियो कैसेट के रूप मे भी उपलब्ध है ।

36 अभिवचनो साक्ष्यो, एव दलीलो की पुस्तिकाओ के रूप मे सकलित किया गया है।

37 मामले से सबधित मुद्दो को सूचीबद्ध किया गया और उस पर साक्ष्य प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई और दलीले सुनी गई ।

38 पक्षकारो को सुनने के बाद मामले से सबधित मुददो को अतिम रूप दिया गया। तथापि, बहस करते समय पक्षकार मामले से सबधित मुद्दो पर दृढतापूर्वक कायम नही रहे ।

बाद के पैराग्राफो मे दिए गए निर्णय मे मुद्दो के निष्कर्षों को सामान्य रूप से प्रस्तुत किया गया है ।

मुद्दे

दस्तावेज 'डी1" से सबधित मुद्दे

(एक) क्या भारत के सविधान, किसी अन्य कानून अथवा लोक सभा के प्रक्रिया सबधी नियमो के अन्तर्गत दस्तावेज "डी1" दायर किया गया है ?

(दो) हस्ताक्षरकर्ता "डी1" के अन्तर्गत क्या दावा करते है ?

(तीन) भारत के सविधान की दसवी अनुसूची के अन्तर्गत दावे कब और किस प्रकार से सिद्ध किये जायेंगे ?

(चार) क्या किसी राजनैतिक दल का नेता अपने दल के किसी सदस्य को पार्टी से निष्कासित कर सकता है और विधायी दल की उसकी सदस्यता समाप्त कर सकता है जिससे भारत के सविधान, अन्य कानूनो अथवा लोक सभा के प्रक्रिया सबधी नियमो के अन्तर्गत सदस्य को प्राप्त उसके अधिकारो, दायित्वो और उन्मुक्तियो मे परिवर्तन हो सके ?

(पाच) सदस्यो को उनके दल से निष्कासित किये जाने के बाद उनके दल के नेता के कहने पर सदस्यो के पृथक बैठने का अभिप्राय क्या है ? क्या भारत के सविधान की दसवी अनुसूची की व्याख्या करने तथा इसे प्रवर्तित करने मे इनका कोई महत्व है ?

(छ) सदस्यो का अपने आप दल के सदस्यो से पृथक बैठने का क्या अभिप्राय है । क्या भारत के सविधान की दसवी अनुसूची की व्याख्या करने तथा इसे प्रवर्तित करने के लिए इसका कोई महत्व है ?

(सात) क्या आदेश किया जाए ?

व्हिप के उलघन से सबधित मुद्दे

(एक) क्या याचिकादाता यह सिद्ध करता है कि प्रतिवादी ने स्वेच्छा से व्हिप का उलघन किया और यदि हा, तो क्या प्रतिवादी को 17-7-1992 से ससद की सदस्यता से वचित कर दिया गया ?

(दो) क्या प्रतिवादी यह सिद्ध करता है कि वह स्वेच्छा से मतदान से विरक्त नही रहा ?

(तीन) क्या आदेश किया जाए ?

स्वेच्छा से राजनैतिक दल की सदस्यता छोड़ने संबंधी मुद्दे

(एक) क्या याचिकादाता यह सिद्ध करता है कि प्रतिवादी दस्तावेज "डी" पर हस्ताक्षर करने के कारण भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के अन्तर्गत अनर्ह करार किये जाने योग्य हो गया है ?

(दो) क्या प्रतिवादी यह सिद्ध करता है कि दसवीं अनुसूची के पैरा 3 द्वारा उपलब्ध कराई गई उन्मुक्तियां उसे प्राप्त हैं ?

(तीन) क्या आदेश किया जाए ?

श्री अजित सिंह और तीन अन्य लोगों के मामलों से संबंधित मुद्दे

(एक) क्या याचिकादाता यह सिद्ध करता है कि जनता दल पार्टी का एक अलग गुट गठित करके श्री अजित सिंह और तीन अन्य लोग भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के अन्तर्गत अनर्ह ठहराये जाने के योग्य हो गए हैं ?

(दो) क्या प्रतिवादी यह सिद्ध करते हैं कि दसवीं अनुसूची के पैरा 3 द्वारा दी गई उन्मुक्तियां उन्हें प्राप्त हैं ?

(तीन) क्या आदेश किया जाए ?

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री तथा तीन अन्य सदस्यों के मामले से संबंधित मुद्दे

(एक) क्या याचिकादाता ने यह प्रमाणित किया है कि श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री तथा तीन अन्य सदस्य दस्तावेज डी–1 के हस्ताक्षरकर्ता होने के कारण भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के अंतर्गत अनर्ह हो गये हैं।

(दो) क्या प्रतिवादियों ने यह प्रमाणित किया है कि दसवीं अनुसूची के पैरा 3 द्वारा प्रदान की गई छूट उन्हें उपलब्ध है ?

(तीन) आदेश क्या दिया जाए ?

कानूनी मुद्दे

39. कार्यवाहियों के दौरान कुल मिलाकर निम्नलिखित कानूनी मुद्दों पर चर्चा की गई।

दल बदल विरोधी कानूनों की किस प्रकार व्याख्या की जाये

40. भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची को दल-बदल विरोधी कानून समझा जाता है और मुख्यत: इसी रूप में इसे जाना जाता है ।

41. इसे निर्वाचित जन प्रतिनिधियों द्वारा विधान मण्डलों में दल बदल किये जाने के घातक रोग पर रोक और नियंत्रण करने के लिए बनाया गया है।

42. इसके अस्तित्व में आने से पूर्व विधायक अपनी इच्छा से मत दे सकते थे अपने दलों को छोड़ सकते थे और अन्य दलों में शामिल हो सकते थे और उन पर कोई दायित्व नहीं ठहरता था अथवा उन्हें अनर्ह नहीं किया जा सकता था अथवा ना ही उनकी विधान मण्डल की सदस्यता समाप्त की जा सकती थी । उन्हें मत देने की, किसी दल में शामिल होने की अथवा कोई नया दल बनाने की स्वतंत्रता प्राप्त थी । उनका यह अधिकार अन्य नागरिकों के समान ही था। अन्य देशों के संसद सदस्यों को भी इसी प्रकार का अधिकार प्राप्त है ।

43. तथापि अधिकार का दुरुपयोग किया गया था तथा इसका अनुचित लाभ उठाया गया था । इसका प्रयोग सरकारों को अस्थिर बनाने तथा मनमाने और अनैतिक सिद्धांतों पर सरकारों का गठन करने के लिए किया गया था।

44. अत: दल बदल के खतरे को रोकने के लिए वर्तमान कानून बनाया गया ।

45. इससे विधायकों के दायित्वों तथा अधिकारों की रचना होती है ।

46. यह विधायक को व्यादेश देता है कि उसे दल द्वारा जारी किए गए विहप के अनुसार मतदान करना है उसे अपना दल नहीं छोड़ना है किसी नए दल का गठन नहीं करना है और न ही किसी दल में शामिल होना है । यदि वह इन दायित्वों की अवहेलना करता है तो उसे विधान मंडल का सदस्य होने से अनर्ह घोषित किया जा सकता है और वह विधान मंडल की अपनी सदस्यता खो सकता है ।

47. ये दायित्व अपने आप में पूर्ण नहीं है । वही कानून इनमें कुछ रियायत भी देता है जिनसे इन दायित्वों की रचना होती है। यदि विधान मंडल में उसके दल के एक-तिहाई उसके साथ मिलकर दल द्वारा जारी किए गए निर्देश के विपरीत मतदान करने की इच्छा रखते है तो वह उसे जारी किए गए विहप का उल्लंघन करते हुए अपनी इच्छानुसार मतदान कर सकता है । दल में विभाजन की स्थिति में विधान मंडल में अपने दल के एक-तिहाई सदस्यों के साथ वह दल से अलग हो सकता है और नए दल का गठन कर सकता है । और उसे अनर्ह भी घोषित नहीं किया जा सकेगा । वह विधान मंडल में अपने दल के दो-तिहाई सदस्यों के साथ किसी भी अन्य दल में शामिल हो सकता है और उस पर अनर्हता का कोई प्रावधान लागू नहीं होगा । ये अधिकार उसे इसलिए दिए गए हैं क्योंकि दसवीं अनुसूची के अस्तित्व में आने से पहले ये उसे उपलब्ध थे और क्योंकि इस प्रकार के अधिकार प्रजातांत्रिक एवं संसदीय प्रणाली में आवश्यक है, क्योंकि भारत के संविधान के भाग–iii के अंतर्गत भारत के नागरिकों को ऐसे अधिकार प्राप्त हैं और इसलिए भी कि ऐसे अधिकार अन्य देशों की संसदों एवं विधान मंडलों में विधायकों को उपलब्ध है।

48. अत: दसवीं अनुसूची के प्रावधानों का निर्वचन अत्यन्त सतर्कता-पूर्ण एवं कड़ाई से करना होगा ।

49. यह व्याख्या बहुत ही व्यापक गतिविधियों एवं अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों को प्रभावित कर सकती है । जो कानून नागरिकों, तथा व्यक्तियों के एक वर्ग और इसी प्रकार चुने गए जन प्रतिनिधियों के लिए अधिकारों एवं दायित्वों की रचना करता है । उसका निर्वचन भी बहुत ही सावधानीपूर्वक तथा कड़ाई से करना होगा ।

50. जो प्रावधान दसवीं अनुसूची में नहीं है उसे इसमें शामिल नहीं किया जा सकता ।

51. दल के संविधान के उपबंधों का दसवीं अनुसूची में वाचन और पुर: स्थापन नहीं किया जा सकता ।

52. दसवीं अनुसूची के कुछ उपबंधों की व्याख्या इसी के अन्य उपबंधों को निष्फल करने के लिए नहीं की जा सकती ।

53. दसवीं अनुसूची के उपबंधों का आभासी प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए ।

निष्कासन

54. याचिकादाताओं का दृष्टिकोण यह था कि राजनीतिक दल का नेता दल के सदस्यों को प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर सकता था और यदि ऐसा किया जाता तो सदस्य विधायिका में भी अपने दल की सदस्यता खो देते ।

55. उनका तर्क है कि दल के संविधान के उपबंधों के अधीन यह निष्कासन किया जा सकता था ।

56. उन्होंने स्वीकार किया है कि दसवीं अनुसूची में ऐसा कोई उपबंध अथवा कोई अन्य कानून अथवा ऐसे नियम नहीं है जिसके अधीन वे सदस्यों को निष्कासित कर सकें ।

57. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निष्कासित सदस्य, जो विधान मंडल में दल के एक-तिहाई सदस्यों के समर्थन एक ग्रुप बनाने के लिए मूल दल से अलग होना चाहते है ऐसा ग्रुप नहीं बना सकते ।

58. उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को निष्कासन के विषय पर विचार करने का कोई प्राधिकार नहीं है । वह यह सुनिश्चित करने का प्रयास नहीं कर सकते कि क्या दल के संविधान में सदस्यों के निष्कासन के लिये दी गई प्रक्रिया का अनुसरण किया गया है अथवा नहीं । किन्तु उनके ही निर्णयों के अनुसार अध्यक्ष से यह अपेक्षा तो की ही जाती है कि वह उस सदस्य-समूह में जिसे मूल दल से विधान मंडल में उस दल के कुल सदस्यों की एक-तिहाई संख्या में अलग होने का अधिकार प्राप्त है कुछ सदस्यों को न गिने ।

59. उनका यह मत था कि यदि ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई तो वे अपने दल को संगठित तथा अपने सदस्यों को अनुशासित नहीं रख सकेंगे ।

60. उनका विचार था कि दल के सदस्यों तथा समग्र रूप से उनके दल के बीच एक संविदागत दायित्व है तथा इस विषय पर न्यायालय अथवा अध्यक्ष द्वारा अधिनिर्णय नहीं किया जा सकता ।

61. उनका यह तर्क था कि किसी दल तथा उस दल के सदस्यों के बीच का संबंध उसी प्रकार का है जैसा कि किसी क्लब तथा उस क्लब के सदस्यों के बीच होता है ।

62. याचिकादाताओं ने इस मुद्दे पर उपर्युक्त ढंग से जो विचार व्यक्त किए हैं उन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता ।

63. इस संदर्भ में पैरा 2(1) का स्पष्टीकरण (क) संगत है:

"(क) सदन के किसी निर्वाचित सदस्य के बारे में यह समझा जाएगा कि वह ऐसे राजनीतिक दल का यदि कोई ही सदस्य है जिससे इसे ऐसे सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी के रूप में खड़ा किया था;

सदस्य को यह संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है जिसे उसके निष्कासन के बाद भी नहीं छीना जा सकता ।

64. विधान मंडल का कोई सदस्य सदन में केवल इस आधार पर ही नहीं आ जाता है कि उसके दल ने उसे चुनाव के लिए टिकट दे दिया बल्कि इस कारण से भी आता है कि मतदाताओं ने उसे चुना है वह केवल अपने दल के प्रति ही उत्तरदायी नहीं है वरन् मतदाताओं के प्रति भी उत्तरदायी होता है ।

65. यदि यह किसी प्रकार का अनुबंध है तो यह अनुबंध दो दलों के बीच नहीं है वरन् यह त्रिपक्षीय अनुबंध है । यह अनुबंध सदस्य उसके दल और मतदाताओं के बीच होता है । मतदाताओं के प्रति उसका दायित्व, दल के प्रति उसके दायित्व से कहीं अधिक होता है ।

66. अपने दल का सदस्य होने के नाते उसके अधिकार और दायित्व उसके दल के संविधान से जुड़े उद्भूत होते है । अतः दलगत मामलों के प्रयोजनार्थ वह दल के संविधान से बंधा होता है ।

67. विधान मंडल के सदस्य के रूप में उसके अधिकार और दायित्व भारत के संविधान और अन्य संगत विधियों/नियमों से उत्पन्न होते है । अपने संसदीय अधिकारों और कर्त्तव्यों के लिए वह भारत के संविधान, दसवीं अनुसूची और अन्य संगत नियमों से बंधा होता है । उसके दल के संविधान को दसवीं अनुसूची अथवा भारत के संविधान के अन्य भागों अथवा संविधियों और विधानमंडल द्वारा बनाए गए प्रक्रिया नियमों से ऊपर नहीं माना जा सकता ।

68. विधान मंडल का सदस्य होने के नाते भारत के संविधान और अन्य संगत विधियों के अंतर्गत उसे प्राप्त अधिकारों और कर्त्तव्यों में उसे दल का संविधान न तो वृद्धि कर सकता है और न ही कटौती ।

69. दसवीं अनुसूची दल-बदल को रोकने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनाई गई है । जिसका सीधा सम्बन्ध सदस्य की सांसद के रूप में किए गए कार्यों तथा भूल-चूक एवं विधान मंडल में किए गए कार्यों से है न कि विधान मंडल से बाहर की उसकी ऐसी दलगत गतिविधियों से, जो संसदीय गतिविधियों से सम्बद्ध नहीं है ।

70. विभिन्न दल के नेताओं को अपने दलों को व्यवस्थित करने एवं अपने सदस्यों को अनुशासित करने में मदद करने का अध्यक्ष को न तो अधिकार प्राप्त है और न ही ऐसा करना उसका कर्त्तव्य बनता है ।

71. कोई विधायक अपने दल के एक सदस्य के रूप में अपने कर्त्तव्यों का पालन कर सकता है । वह एक विधायक के रूप में अपने कर्त्तव्यों का पालन कर सकता है । दसवीं अनुसूची तब लागू होती है जब वह विधायक के रूप में अपने कर्त्तव्य पूरे करता है या अधिकारों का इस्तेमाल करता है । दल के एक सदस्य के रूप में उसके द्वारा किए गए कर्त्तव्यों अथवा अधिकारों पर यह लागू नहीं होती है ।

72. दल का नेता अपने दल से सदस्य को निष्कासित कर सकता है तथा उसे दल-गत सुविधाओं से भी वंचित कर सकता है । वह चाहे तो अगले चुनाव में उसे टिकट देने से मना कर सकता है । वह सदस्य को दल में कोई पद धारण करने से भी वंचित कर सकता है । दल का नेता सदस्य को दल की बैठकों में भाग लेने से भी मना कर सकता है । दल का नेता उसे दल के सदस्य के रूप में दल की समितियों अथवा संस्थाओं का सदस्य बनने से भी रोक सकता है ।

73. परन्तु, दल का नेता विधायक को ऐसे अधिकारों और सुविधाओं से वंचित नहीं कर सकता जो उसे निर्वाचित प्रतिनिधि होने के नाते और भारत के संविधान तथा उसकी दसवीं अनुसूची तथा अन्य संगत नियमों और विनियमों के अंतर्गत प्राप्त हैं ।

74. दल के संविधान के प्रावधानों को भारत के संविधान और उसकी दसवीं अनुसूची के प्रावधानों और उसके अंग के रूप में नहीं पढ़ा जा सकता ।

75. भारत का संविधान अथवा दसवीं अनुसूची का निर्वाचन दलों के हित में और उनके संविधान के अनुकूल नहीं किया जाना चाहिए ।

76. अध्यक्ष दल के संविधान से बाधित नहीं होता है । उसे तो भारत के संविधान उसकी दसवीं अनुसूची तथा अन्य संगत नियमों और विनियमों के अनुसार अपने कर्त्तव्यों का वहन करना होता है ।

77. लोक सभा में 23 दल हैं। उन सब का अपना अलग-अलग संविधान है । प्रत्येक दल अपने संविधान में जैसे चाहे संशोधन करवा सकता है । और इनमें संशोधन होते रहते है । यह पता लगाना संभव नहीं है कि क्या उनमें संशोधन इस प्रयोजनार्थ निर्धारित की गई प्रक्रियाओं के अनुसार किए गए हैं अथवा नहीं ।

78. अध्यक्ष द्वारा इनके पालन किए जाने अथवा इनसे बंधे हुए होने की अपेक्षा नहीं की जाती । यदि ऐसा किया जाता है तो यह बड़ी उलझनपूर्ण स्थिति होगी ।

79. अतः यह माना जा सकता है कि चूंकि किसी सदस्य के विधायिका के सदस्य के रूप में संसदीय कार्यकरण के प्रयोजन और उसके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में और उसके दंडीय अधिकारों; कर्तव्यों और कार्यकरण के प्रयोजन से भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची, अथवा भारत के संविधान के किसी अन्य भाग में अथवा अन्य किसी संगत कानून में अथवा लोक सभा में अपनाए जाने वाले प्रक्रिया संबंधी नियमों में कोई प्रावधान नहीं है अतः भारत के संविधान और अन्य संगत कानूनों के अंतर्गत सदस्यताओं द्वारा किसी विधान मंडल के लिए निर्वाचित किसी सदस्य को निष्कासित नहीं किया जा सकता।

80. यह मानना सही और वैध नहीं है कि यदि किसी दल के किसी सदस्य को दल की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया जाय तो, उसकी विधान मंडलीय दल से प्राथमिक सदस्यता समाप्त हो जाती है।

81. यह मानना सही और विधि सम्मत नहीं है कि दल के नेता विधायकों को अपने दलीय संविधान के अन्तर्गत प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करके उनके कानून द्वारा प्रदत्त दायित्वों और अधिकारों को बदल सकते हैं।

82. विगत में, सदस्यों को विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निष्कासित किया गया है।

83. विधान मंडल के सदस्यों की दसवीं अनुसूची लागू करने के प्रयोजनार्थ केवल तभी निष्कासित किए जाने की अनुमति दी जानी चाहिए जबकि दसवीं अनुसूची में इस हेतु प्रावधान हो और अन्यथा नहीं।

84. चूंकि संविधान की दसवीं अनुसूची अथवा किसी अन्य भाग में कोई प्रावधान नहीं है अतः संसदीय प्रयोजन से सदस्यों का निष्कासन विधि सम्मत नहीं है और इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

85. याचिकाकर्ताओं ने कानूनी स्थिति को सही समझा और उन्होंने कानून की व्याख्या को स्वीकार किया है।

86. इसीलिए उन्होंने उन आठ सदस्यों, जिन्हें उनके दावे के अनुसार, निष्कासित किया गया और वे अपने विधान मंडलीय दलों के सदस्य नहीं थे जिनके विरुद्ध याचिकाएं दायर की हैं। ऐसा करके उन्होंने यह बात स्वीकार की है कि संसदीय प्रयोजनार्थ निर्वाचित विधायिका सदस्यों को उनके दलीय संविधान के अंतर्गत दल के नेताओं द्वारा निष्कासित नहीं किया जा सकता।

87. यद्यपि किंचित अस्पष्टता से, याचिकाकर्ताओं द्वारा अपने दल के कथित रूप से निष्कासित सदस्यों के विरुद्ध दायर की गई अपनी याचिकाओं में इस स्थिति को सही माना गया है।

असम्बद्ध

88. विगत में, कतिपय मामलों में जब सदस्यों को निष्कासित किया गया था, तो उन्हें दल के सदस्यों के साथ साथ निर्वाचनीय सदस्यों से अलग दिखाने के लिए असम्बद्ध कहा जाता था।

89. "असम्बद्ध" शब्द का भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची अथवा किसी अन्य भाग अथवा किसी अन्य संगत कानून अथवा संसद में अपनाए जाने वाले प्रक्रिया संबंधी नियमों में कहीं भी प्रयोग नहीं किया गया है।

90. किसी दल से सम्बद्ध सदस्य के भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत कतिपय अधिकार और दायित्व होते हैं।

91. इसी कानून के अंतर्गत एक निर्वाचनीय सदस्य के भी कतिपय अधिकार और दायित्व होते हैं।

92. लेकिन ऐसा लगता है कि एक असम्बद्ध सदस्य का कोई विशेष दर्जा अथवा स्थिति नहीं होती है।

93. इस संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं है और बड़ी उलझी हुई है कि उसके क्या दायित्व हैं और उसे क्या अधिकार प्राप्त हैं।

94. अतः यह मानना सही है कि इस शब्द का कोई विशेष कानूनी अर्थ नहीं है और यह असम्बद्ध घोषित किए गए सदस्य के लिए कोई दायित्व अथवा अधिकार नहीं देता है।

(लिया गया निर्णय कब लागू होता है?)

95. (एक) क्या यह निर्णय लेने की तिथि से लागू होता है?

(दो) क्या यह दायर की गई याचिका से लागू होता है?

(तीन) अथवा यह उस तारीख से लागू होता है जिसको संचेतक का उल्लंघन होता है अथवा दल का विघटन होता है अथवा सदस्य अन्य दल में शामिल होते हैं?

96. सामान्य नियम यह है कि बनाए गये कानून भावी प्रभाव से लागू होते हैं।

97. यदि उन्हें भूतलक्षी रूप से प्रभावी बनाना हो तो उसका उपबंध विधि में स्पष्ट रूप से किया जाय।

98. जब विधियों की दो व्याख्याएं की जा सकती हों—एक उनको भविष्य में प्रभावी बनाने तथा दूसरी उनको भूतलक्षी रूप से प्रभावी बनाने के लिए तो जो पहली व्याख्या स्वीकार करनी होगी।

99. विधि की भूतलक्षी प्रभावी प्रकृति निर्दोष व्यक्तियों को हानि पहुंचा सकती है। अतः विधियों को भूतलक्षी रूप से प्रभावी बनाने अथवा उनकी इस प्रकार से व्याख्या करने कि वे भूतलक्षी रूप से प्रभावी बनें, से बचने का प्रयास करना चाहिए।

100. संविधान की दसवीं अनुसूची भविष्य-प्रभावी है, भूतलक्षी प्रभावी नहीं।

101. दसवीं अनुसूची में उपबंध ऐसे हैं कि उनको भूतलक्षी रूप से प्रभावी बनाने के लिए उनकी व्याख्या नहीं की जा सकती अथवा उनके अन्तर्गत दिए गए निर्णयों को भूतलक्षी प्रभाव नहीं दिया जा सकता।

102. इसमें यह प्रावधान किया गया है कि यदि अध्यक्ष को उस उद्देश्य के लिए याचिका दी जाती है तो अध्यक्ष एक सदस्य को निर्हर घोषित कर सकता है। किसी सदस्य द्वारा उनके समक्ष ऐसी कोई याचिका प्रस्तुत किए बिना वे इस संबंध में घोषणा नहीं कर सकते।

103. दल के नेता द्वारा गलती करने वाले सदस्य को इस संदर्भ में एक सूचना देना अपेक्षित है कि क्यों न उसके विरुद्ध एक याचिका प्रस्तुत की जाय।

104. यदि एक सदस्य अपने नेता को संतोषजनक उत्तर देता है तो वह उसकी गलती को माफ कर सकता है तथा इस मामले में गलती करने वाले सदस्य के विरुद्ध कोई याचिका नहीं दी जा सकेगी।

105. यदि किसी सदस्य को निर्हर किया जा सकता है तथा यदि वह ऐसे सदस्यों के दल में शामिल हो जाता है जो उस सदस्य के निर्हर किए जा सकने के तथ्य की परवाह नहीं करता है तथा अन्य सदस्य इस विश्वास से अपने मूल दल से अलग होने के लिए कदम उठाते हैं कि उनके ग्रुप में आवश्यक सदस्य हैं तथा बाद में उक्त सदस्य अपनी सदस्यता खो देता है तथा यदि दिए गए निर्णय को भूतलक्षी रूप से प्रभावी बनाया जाता है, तो अन्य सदस्यों के प्रति अन्याय होगा। इस प्रकार की स्थिति को टाले जाने की अपेक्षा की जाती है।

106. इन कारणों से यह ठीक ही कहा जा सकता है कि भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची भूतलक्षी प्रभाव की नहीं है तथा इसके उपबंधों के अन्तर्गत दिए गए निर्णयों को भूतलक्षी रूप से प्रभावी बनाने की आवश्यकता नहीं है।

107. 11-8-1992 को श्री राम सुन्दर दास तथा तीन अन्यों के विरुद्ध दी गई अपनी याचिकाओं में, याचिकादाताओं ने प्रार्थना की थी कि प्रतिवादियों को निर्हर घोषित किया जाये तथा लोक सभा से उनकी सदस्यता 17-7-1992 से अर्थात उस तिथि से जब उन्होंने सचेतक के आदेशों का उल्लंघन किया था, से समाप्त हो गई है ।

108. याचिकादाता निर्णय को भूतलक्षी रूप से लागू करवाना चाहते हैं ।

109. अन्य याचिकाओं में भी यही निवेदन किया गया है ।

110. दसवी अनुसूची के अन्तर्गत सभी निर्णय, निर्णय दिए जाने की तिथि से लागू होंगे, भूतलक्षी प्रभाव से नहीं ।

क्या अध्यक्ष को संसद से बाहर पार्टी गतिविधियों तथा उसके नेताओं के निर्णयों के संबंध में कोई अधिकार प्राप्त है ?

111. दसवीं अनुसूची विधायकों द्वारा दल-बदल को नियंत्रित करने तथा रोकने के लिए है ।

112 यह विधायकों की संसदीय गतिविधियों पर लागू होती है ।

113. यदि कोई विधायक उसको जारी की गई सचेतक के आदेश का उल्लंघन करता है और स्वेच्छा से पार्टी छोड़ता है, यदि वह कोई नई पार्टी बनाता है अथवा यदि वह किसी अन्य पार्टी में शामिल होता है, तो उसे दसवीं अनुसूची के अन्तर्गत दण्डित किया जाता है, उसे अपने विधान मण्डल की सदस्यता के लिए निर्हर घोषित किया जाता है।

114. उसको दण्डित करने के लिए अध्यक्ष, यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विवरण की जांच कर सकता है कि क्या सचेतक के आदेश का स्वेच्छा से उल्लंघन किया गया था, क्या सदस्य ने अपना दल छोड़ दिया अथवा वह अन्य दल में शामिल हो गया है, आदि ।

115. यदि किसी सदस्य को जारी किये गये सचेतक का वह संसद में अपने दल के एक-तिहाई सदस्यों के साथ अनुपालन नहीं करता अथवा वह अपने संसदीय दल के एक-तिहाई सदस्यों के साथ दल छोड़ता है अथवा वह संसद में अपने दल के दो-तिहाई सदस्यों के साथ दूसरे दल में शामिल होता है तो दसवीं अनुसूची के पैरा 3 और 4 के अंतर्गत उसे दण्डित नहीं किया जायेगा और विधान मण्डल में उसकी सदस्यता निर्हर घोषित नहीं की जायेगी ।

116. अध्यक्ष यह निर्णय कर सकता है कि क्या ग्रुप में विधान मण्डल में विधायक के दल के एक-तिहाई अथवा दो-तिहाई सदस्य हैं और वह यह घोषणा कर सकता है कि उसे निर्हर किया जाता है अथवा नहीं किया जाता है ।

117. उसे यह निर्णय करना होता है कि क्या दल ने व्हिप जारी किया है और क्या इसका स्वैच्छिक रूप से उल्लंघन किया गया है ।

118. उसे यह निर्णय करना होता है कि क्या राजनैतिक दल का विभाजन विधान मंडल से बाहर हुआ है ।

119. वह यह निर्णय नहीं कर सकता है कि क्या मूल दल का दावा पेश करने वाले राजनैतिक दल को बहुमत का समर्थन प्राप्त है अथवा नहीं ।]

120. ऐसा निर्धारण आयोग द्वारा किया जा सकता है ।

121. उसके लिये यह आवश्यक नहीं है कि वह संसद के बाहर एक गुट अथवा दूसरे गुट में जाने वाले सदस्यों की गिनती करे ।

122. उसके लिये यह पता लगाना आवश्यक नहीं है कि संसद के बाहर कितने संसद सदस्य एक गुट में हैं अथवा कितने दूसरे में ?

123. वह संसद में दल में विभाजन के तथ्य का संज्ञान कर सकता है ।

124. लेकिन वह यह कार्य तभी कर सकता है जब यह बात संसद में किसी सदस्य द्वारा याचिका के माध्यम से उसके ध्यान में लाई गई हो । दी गई है ।

125. इन मामलों में, वह स्वतः कार्य नहीं करता । दल के नेता को संसद में अपने दल के सदस्यों के कार्यों के लिए क्षमा करने की अनुमति दी गई है ।

126. अध्यक्ष को यह पता लगाना पड़ता है कि क्या मूल संसदीय पार्टी से अलग होने वाले ग्रुप में संसद में दल के एक-तिहाई सदस्य हैं अथवा नहीं ।

127. उसे यह पता लगाना पड़ता है कि किसी भी अन्य संसदीय दल में शामिल होने वाले ग्रुप में संसद में उसके दल के दो-तिहाई सदस्य हैं अथवा नहीं।

128. उसके लिए यह पता लगाना आवश्यक नहीं है कि संसद से बाहर विभाजित होने वाले राजनैतिक दल में संसद में दल के एक-तिहाई सदस्य हैं अथवा नहीं ।

129. उसके लिये यह पता लगाना कठिन है कि किन वैचारिक मत-भेदों के कारण दल विभाजित हुआ है ।

130. दसवीं अनुसूची कार्यान्वित करने के लिए विभाजन का तथ्य उसके लिए अधिक संगत है ।

131. अध्यक्ष के क्षेत्राधिकार संसद में सांसदों की गतिविधियों के संबंध में अधिक मुखर हैं ।

132. संसद के बाहर सांसदों की कार्यवाहियों के संबंध में यह प्रभावी नहीं है ।

133. दसवीं अनुसूची का मन्तव्य राजनीतिक दलों और उनके सदस्यों की गतिविधियों पर नियंत्रण करना मार्ग निर्देश करना और निर्देश देना तथा संसद से बाहर संसद सदस्यों की भूलों-चूकों के लिए उन्हें दण्डित करना नहीं है ।

134. अध्यक्ष से यह आशा नहीं की जाती है कि वह राजनीतिक दलों को कमजोर अथवा मजबूत रखने में अथवा संसद सदस्यों को अपने दल के उद्देश्यों के लिए अनुशासित रखने में हस्तक्षेप करे ।

135. संसद से बाहर संसद सदस्यों से संबंधित दलगत मामलों में अन्य मंचों को क्षेत्राधिकार प्राप्त हैं जिनकी अध्यक्षता अन्य प्राधिकारी करते हैं, न कि अध्यक्ष ।

कारण जिन पर निर्णय आधारित हैं

दस्तावेज—डी-1

दस्तावेज "डी-1"

136. दिनांक 7-8-1992 को लोक सभा के 20 सदस्यों द्वारा भेजे गए आवेदन में सदन में उनके बैठने के लिए अलग स्थानों की मांग को भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत भेजा गया आवेदन नहीं माना जा सकता ।

137. इसे अधिक से अधिक साक्ष्य माना जा सकता है जिसे दसवीं अनुसूची के अंतर्गत दायर याचिकाओं में प्रयोग में लाया जा सकता था ।

138. वास्तव में अपेक्षित संख्या में सदस्यों द्वारा संसद के बाहर और संसद के अंदर किसी राजनैतिक दल के विभाजन को अध्यक्ष से यह उद्घोषणा प्राप्त करने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता कि दल का विभाजन उचित और वैध है ।

139. दल को विभाजित करने वाले सदस्यों के विरुद्ध दायर याचिका में इसी तथ्य को यह दिखाने के लिए बचाव के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है कि उक्त संसदीय दल से पृथक होने वाले समूह में दल के एक-तिहाई सदस्य हैं ।

140. लोक सभा के प्रक्रिया नियमों के नियम 4 के अंतर्गत ऐसे आवेदन पर विचार किया जा सकता है जो इस प्रकार है :

"4. सदस्य ऐसे क्रम में बैठेंगे जोकि अध्यक्ष निर्धारित करें।"

141. जिस दिन अर्थात् 7–8–1992 को आवेदन पत्र दिया गया था, दस्तावेज के सभी हस्ताक्षरकर्ता उस दिन जनता दल संसदीय दल के निर्वाचित सदस्य थे ।

142. यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता कि श्री अजित सिंह तथा तीन अन्य सांसदों और चार अन्य सांसदों को भी पार्टी अध्यक्ष द्वारा दल की प्राथमिक सदस्यता से आवेदन पत्र देने अर्थात् 7–8–1992 से पूर्व निष्कासित कर दिया गया था, ये संसद में जनता दल के संसदीय दल के सदस्य नहीं थे और वे जनता दल के संसदीय दल से अलग हो रहे दल के वैध सदस्य नहीं थे ।

143. संविधान की दसवीं अनुसूची के उपबंधों को निरस्त करने के लिए सांसदों को उनके दल के नेताओं द्वारा संसदीय दल की सदस्यता समाप्त करने के लिए उनकी दल की प्राथमिक सदस्यता वैधानिक और वैध रूप से समाप्ति की जा सकती है ।

144. विधान में ऐसे उपबंध नहीं हैं जो संसद सदस्यों के उस प्रकार के निष्कासन की अनुमति देते हों ।

145. दल के संविधान के अंतर्गत संसदीय दल की सदस्यता समाप्त करने के लिए दल की उनकी प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर देना वैध और स्वीकार्य नहीं है ।

146. यदि ऐसा करने दिया जाये तो दसवीं अनुसूची के उपबंधों का प्रयोजन ही समाप्त हो जाएगा । ऐसा किसी दल के संविधान से, जो कभी भी बदला जा सकता है, कुछ बातें देश के मौलिक कानून में शामिल करने के समान होगा।

147. निर्णय के अन्य भागों में दिये गए कारणों से यह निर्णय दिया जाता है कि सर्वश्री अजित सिंह, रशीद मसूद, हरपाल पंवार, सत्यपाल सिंह यादव, राजनाथ सोनकर शास्त्री, रामनिहोर राय, राम अवध और शिव शरण वर्मा संगत तारीख अर्थात् 7–8–1992 को जनता दल के संसद सदस्य थे ।

148. उक्त तारीख को अर्थात् 7–8–1992 को यह घोषणा करने के लिए वे अर्हता प्राप्त नहीं थे और उनकी सदस्यता समाप्त हो गई थी, उनके विरुद्ध याचिकाएं दायर नहीं की गई थीं ।

149. विरोधी पक्ष द्वारा दिये गये आवेदन पत्र के लिखित में उत्तर यह बताया गया है कि श्री राम सुन्दर दास और तीन अन्य सांसदों ने सरकार के विरुद्ध रखे गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मत देने के लिए उन्हें दिये गए निर्देशों का उल्लंघन किया इसलिए इन चारों सांसदों को 17–7–1992 से लोक सभा की सदस्यता के लिए निर्हर पाया गया । अतः वैध रूप से ग्रुप का दर्जा दिलाने के लिए इन सदस्यों की संख्या को उसमें नहीं जोड़ा जा सकता ।

150. 7–8–1992 को कोई याचिका नहीं दी गई थी और न ही कोई ऐसी याचिका उनके विरुद्ध लंबित थी जिसमें यह शिकायत की गई हो कि उन्होंने सचेतक के आदेशों का उल्लंघन किया है वे उन्हें लोक सभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया जाये ।

151. 7–8–1992 को वे लोक सभा के वर्तमान वैध सदस्य थे और वे जनता दल में शामिल थे ।

152. निर्णय के अन्य भागों में यह माना गया कि इन मामलों में दिये गये निर्णयों को पूर्वप्रभावी या भूतलक्षी स्वरूप का नहीं माना जा सकता ।

153. अतः यह माना जा सकता है कि वे उस दल के वैधानिक रूप से सदस्य हो सकते हैं जो कि मूल दल से अलग होने की मांग कर रहे हैं ।

154. 22–8–1992 को अयोग्य घोषित किये जाने हेतु सर्वश्री श्री राम शरण यादव, अभय प्रताप सिंह, रामलखन सिंह यादव, अनादि चरणदास, रोशनलाल, अर्जुन सिंह यादव, उपेन्द्रनाथ वर्मा तथा सूर्य नारायण यादव के विरुद्ध याचिका दी गई थी।

155. तथापि, संबंधित तिथि अर्थात् 7–8–1992 को उनके विरुद्ध कोई याचिका दायर नहीं थी ।

156. संबंधित तिथि को वे जनता दल के संसदीय दल के मौजूदा सदस्य थे ।

157. संबंधित तिथि अर्थात् 7–8–1992 को आवेदन पर सभी हस्ताक्षरकर्ता संसद में जनता दल के वर्तमान सदस्य थे ।

158. उनकी संख्या 20 के बराबर थी जो कि संबंधित तिथि को लोक सभा में जनता दल के कुल 59 सदस्यों की संख्या के एक तिहाई से अधिक है ।

159. इस प्रकार आवेदन पत्र पर हस्ताक्षरकर्ताओं ने यह आशय व्यक्त कर दिया था कि संसद के बाहर जनता दल का विभाजन हुआ है ।

160. इस प्रकार आवेदन पत्र से यह पता चलता है कि लोक सभा में जनता दल के संसदीय दल का विभाजन हुआ है ।

161. तथापि इस निश्चित घोषणा के प्रभावों को शिथिल तथा कुछ सुबोध बना दिया गया था सभी तथ्यों तथा दोनों दलों के बाद में तर्कों के बाद जो निश्चित घोषणाएं की थीं वे इस बात को इंगित करती हैं कि जनता दल का बाहर तथा संसद के भीतर विभाजन हो गया है जो कि क्रमशः पहले तथा संबंधित तिथि को हुआ था ।

162. अतः उनके इस अनुरोध के आवेदन पत्र को कि उन्हें अलग से बैठने दिया जाए, अनुमति दी जाती है तथा दी गई ।

श्री राम सुन्दर दास और तीन अन्य के विरुद्ध व्हिपों के उल्लंघन से सम्बन्धित याचिकाएं

श्री राम सुन्दर दास के विरुद्ध याचिका

163. याचिकादाता द्वारा याचिका में दिये गये अधिकांश प्रकथनों का खण्डन नहीं किया गया है और वे प्रत्यर्थी द्वारा स्वीकार किये गये हैं ।

164. प्रत्यर्थी द्वारा मतदान से प्रविरत रहने के मामले पर ही केवल भिन्न दृष्टिकोण अपनाया गया है ।

165. याचिकादाता का प्रकथन है कि प्रत्यर्थी ने जान बूझकर व्हिप का उल्लंघन किया है। प्रत्यर्थी जोर देकर कह रहा है कि वह मतदान से जानबूझ प्रविरत नहीं हुआ।

166. प्रत्यर्थी का कहना है कि 17–7–1992 को उसकी तबीयत ठीक नही थी और उसका ब्लड प्रैशर घट-बढ़ रहा था और दोपहर बाद वह लायब्रेरी में आराम कर रहा था ।

167. उसके अनुसार जब मतदान के लिए घंटी बजी तो उसने लोक सभा चैम्बर में जल्दी-जल्दी आने की कोशिश की किन्तु अस्वस्थता तथा टांग में चोट के कारण वह दरवाजा बंद होने से पहले वहां नहीं पहुंच सका और इस प्रकार वह सदन में प्रवेश नहीं पा सका तथा पूरी तरह से चाहते हुए भी अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में मत नहीं दे सका ।

168. प्रत्यर्थी ने अपनी बातों को सिद्ध करने के लिए ही स्वयं की परीक्षा की ।

169. उसने अपने दृष्टिकोण से सम्बन्धित किसी भी अन्य बात पर किसी प्रकार का कोई अन्य साक्ष्य दर्ज नहीं कराया ।

170. लाइब्रेरी और लोक सभा चैम्बर के बीच का रास्ता धीरे-धीरे चलने वाला व्यक्ति भी बड़ी आसानी से पूरा कर सकता है बशर्ते कि सम्बन्धित व्यक्ति जान बूझकर बहुत धीमा चलना आरम्भ न कर दे या केन्द्रीय कक्ष में बैठे लोगो से या रास्ते में मिलने वाले लोगों से बातचीत में व्यस्त होकर रास्ता पार करने की परवाह ही न करे ।

171. लाइब्रेरी में जिस ढंग से आराम किया जा सकता था वैसा आराम प्रत्यर्थी लोक सभा में कर सकता था क्योंकि लाइब्रेरी आराम करने की जगह नहीं है और वस्तुतः वहां सही ढंग से आराम करने की सुविधाएं भी नहीं हैं ।

172. प्रत्यर्थी को उस आकस्मिकता को समझ लेना चाहिए था जिसमें वह अब स्वयं को पा रहा है और उसे प्रस्ताव पर मतदान के लिए सदन में रहना चाहिए था ।

173. उसके द्वारा दिया गया तर्क विश्वासजनक और स्वीकार्य नहीं है ।

174. अतः यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि प्रत्यर्थी का मतदान से प्रविरत रहना अस्वैच्छिक नही था ।

175. प्रत्यर्थी भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(ख) के प्रावधानों के अनुरूप अनर्हता का दायी हो गया है और इसलिए निर्णय की तारीख से लोक सभा का सदस्य नही रहा ।

श्री गोविन्द चन्द्र मुण्डा के विरुद्ध याचिका

176. इस याचिका में एक मात्र विवादग्रस्त बात भी 17–7–1992 को सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर प्रत्यर्थी द्वारा मतदान से प्रविरत रहने से संबंधित है ।

177. प्रत्यर्थी के अनुसार, वह प्रस्ताव पर मत देना चाहता था तथा उक्त तिथि को सवेरे संसद भवन में था ।

178. सायंकाल में उसने सर्विकल स्पोन्डिलाइटिस तथा कुछ अन्य कारणों से अपने आपको अस्वस्थ महसूस किया, इसलिए दवा लेने तथा आराम करने के लिए अपने घर चला गया ।

179. अपने घर पर उसने कोई जड़ी बूटी वाली दवा ली जिससे वह बेहोश हो गया, इसलिए वह संसद भवन जाकर प्रस्ताव पर मत नहीं दे सका ।

180. उसका कहना है कि उसने पार्टी के नेता को यह सूचित भी कर दिया था कि यदि उसके लिए सभा में उपस्थित रहना आवश्यक हो, तो उसे डाक्टर की सहमति से एम्बुलेंस में लोक सभा ले जाया जा सकता है। लेकिन उस बारे में कुछ नही किया गया ।

181. प्रत्यर्थी ने अपने दृष्टिकोण के समर्थन में अपनी तथा अन्य साक्षियों की परीक्षा की । याचिकादाता के वकील द्वारा उनकी प्रतिपरीक्षा की गई ।

182. उसने अपने तर्क को सिद्ध करने के लिए कुछ दस्तावेजी प्रमाण भी प्रस्तुत किया।

183. प्रत्यर्थी का दृटिकोण विश्वासजनक तथा स्वीकार्य नहीं है ।

184. उसके द्वारा दिया गया साक्ष्य विरोधात्मक है तथा स्वीकार्य नहीं है ।

185. उसके साक्षी द्वारा दिया गया साक्ष्य भी विश्वास-जनक तथा स्वीकार्य नहीं है ।

186. उसके दस्तावेजी तथा मौलिक साक्ष्य में विरोधा-भास है ।

187. उसके द्वारा तथा उसके साक्षियों द्वारा दिए गए साक्ष्य में विरोधाभास है ।

188. जिस रुग्णता से वह पीड़ित थे, वह ऐसी नहीं थी कि वह मत देने के लिए लोकसभा के चैम्बर में न ज

।

189. यदि वह वास्तव में मत देना चाहते थे तो वह ठीक मतदान के समय लोक सभा में आ सकते थे और उसके बाद आराम के लिए अपने घर या चिकित्सीय सहायता के लिए डाक्टर के पास जा सकते थे ।

190. उसका यह तर्क स्वीकार्य नहीं है कि उसने अपने दल के नेता से कहा था कि यदि सभा में उसकी उपस्थिति अत्यावश्यक हो तो डाक्टर की अनुमति से उसे किसी वाहन में सभा में ले जाया जाये । वह अपने नेता से यह न कहकर कि वह उसे वहां ले जाये, स्वयं लोक सभा के चैम्बर में जा सकते थे । उसके द्वारा अपने नेता से यह कहना कि उसे सभा में ले जाये, अपनी गलती की जिम्मेदारी किसी दूसरे व्यक्ति पर डालने का प्रयास प्रतीत होता है ।

191. सभा के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में वह सभा में उपस्थित रहकर मत दे सकते थे ।

192. यह तथ्य कि वह उससे अगले ही दिन उड़ीसा अपने गांव चले गए, इस बात को प्रकट करता है कि वह सम्बद्ध तिथि को बहुत खराब हालत में नहीं थे ।

193. यह तर्क कि उसने आवश्यकता पड़ने पर अपने पार्टी के नेता से उसे सभा में ले जाने के लिए कह दिया था, ऐसा प्रतीत होता है कि उसने अपनी अनुपस्थिति से उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए किसी दूसरे सदस्य से परामर्श करके गढ़ा ।

194. साक्षी के तौर तरीके से लगता है कि वे बनावटी ध्यान दे रहे थे ।

195. अविश्वासजनक अभिवाकों, दिए गए साक्ष्य तथा तर्कों को देखते हुए यह कहना कठिन है कि प्रत्यर्थी ने अपने वश से बाहर की परिस्थितियों के कारण अस्वेच्छा से मत नहीं दिया ।

196. अतः यह निर्णय दिया जाता है कि वह स्वेच्छा से मतदान से प्रवरित रहे तथा वह इस निर्णय की तारीख से लोक सभा के सदस्य बने रहने के लिए निरर्ह होने के दायी हो गए हैं ।

श्री गुलाम मोहम्मद खां के विरुद्ध याचिका

197. इस याचिका में भी विवाद का मुद्दा अन्य तीन मामलों में विवाद के मुद्दे के समरूप है ।

198. प्रत्यर्थी का अभिवचन है कि 17–7–1992 को वह अस्वथ था तथा मधुमेह एवं अन्य व्याधियों से पीड़ित होने के कारण राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भरती था ।

199. उनका कहना है कि उन्होंने अपने दल के नेता को सूचित कर दिया था कि यदि उसकी उपस्थिति सदन में आवश्यक हो तो डाक्टर की सहमति से उन्हें वहां ले जाया जाना चाहिए ।

200. उनका कहना है कि वह प्रस्ताव पर मतदान करने के इच्छुक थे परन्तु परिस्थितियों के उसके नियंत्रण से बाहर होने के कारण वह ऐसा नहीं कर सके ।

201. अपना दृष्टिकोण सिद्ध करने के लिए उन्होंने स्वयं की एवं अन्य दो साक्षियों की परीक्षा की । प्रत्यर्थी के वकील द्वारा उनकी एवं अन्य साक्षियों की प्रतिपरीक्षा की गई ।

202. अपने अभिवचन के समर्थन में उन्होंने कतिपय दस्तावेजों को प्रस्तुत किया ।

203. 17–7–1992 को वह अपने घर वापस आ गए । इस तथ्य से इस धारणा की पुष्टि होती है कि 17–7–1992 को उनका स्वास्थ्य बहुत खराब नहीं था ।

204. उनका यह दृष्टिकोण कि दल के नेता को डाक्टर की सहमति से उन्हें सदन में ले जाना चाहिए, अन्य याचिका के प्रत्यर्थी श्री गोविन्द चन्द्र मुरा के दृष्टिकोण के समान है ।

205. यह विश्वासजनक एवं स्वीकार्य नहीं है । जो कुछ वह अपने नेता से करने को कह रहे हैं, वह स्वयं भी कर सकते थे ।

206. यह अपने ऊपर से किसी अन्य पर जवाबदेही डालने के प्रयास का एक भाग प्रतीत होता है ।

207. सदन के एक जिम्मेदार सदस्य के नाते उन्हें मतदान के समय सदन में उपस्थित रहने का प्रयास करना चाहिए था ।

208. चूंकि वह नई दिल्ली में ही थे इसलिए सदन में मतदान संबंधी अपने दायित्वों का निर्वहन करना उनके लिए कठिन नहीं होना चाहिए था ।

209. उनके द्वारा दिया गया साक्ष्य विश्वासजनक नहीं है ।

210. अन्य साक्षियों द्वारा दिया गया साक्ष्य भी अधिक विश्वास पैदा नहीं करता । उनका व्यवहार गंभीर एवं विश्वासजनक प्रतीत नहीं होता ।

211. उनके मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य में कतिपय विरोधाभास हैं ।

212. उनके तथा उनके साक्षियों द्वारा दिए गए साक्ष्य में कतिपय विरोधाभास है ।

213. इन तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में प्रत्यर्थी द्वारा दिया गया यह अभिकथन कि मतदान से उनकी प्रविरति अस्वेच्छिक थी, स्वीकार नहीं किया जा सकता ।

214. अतएव, यह निर्णय लिया जाता है कि वह इस निर्णय की तारीख से संसद सदस्य के रूप में निरर्ह हो गए हैं ।

श्री राम सदन के विरुद्ध याचिका

215. प्रत्यर्थी का अभिकथन है कि 17–7–1992 को वह लोक सभा में उपस्थित था तथा उसने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान का बटन दबाया था परन्तु मशीन में खराबी के कारण उसका मत रिकार्ड नहीं हो सका ।

216. उनका कहना है कि उन्होंने सदन में उपस्थित अटेंडेंट से पूछा था कि क्या बोर्ड पर उनका मत रिकार्ड हुआ है अथवा नहीं । उनके कथनानुसार, अटेन्डेंट ने उन्हें सूचित किया था कि उनका मत रिकार्ड हो गया है ।

217 उनका कहना है कि उनकी दृष्टि कमजोर है और इसलिए वे बोर्ड को देखकर ठीक प्रकार यह पता नहीं लगा पाये कि उनका मत वस्तुत रिकार्ड हुआ है अथवा नहीं ।

218 उनका अभिकथन है कि वह अपना मत देना चाहते थे परन्तु घटनावश वह अपना मत नहीं दे सके ।

219 अपने अभिकथन के समर्थन में उन्होंने स्वयं की परीक्षा की ।

220 उन्होंने अपने अभिकथन की सम्पुष्टि में सदन के अटेन्डेंट को अपने साक्षी के रूप में परीक्षा नहीं की ।

221 प्रत्यर्थी का अभिकथन विश्वासजनक तथा स्वीकार्य नहीं है ।

222. उनके द्वारा उपलब्ध कराया गया साक्ष्य विश्वास-जनक नहीं है ।

223. और इसलिए यह निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है कि मतदान में उनकी प्रविरति अस्वैच्छिक थी ।

224 अतएव यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि प्रत्यर्थी ने इस निर्णय की तारीख से लोक सभा का सदस्य होने की निरर्हता का दायित्व अपगत किया है ।

श्री रामशरण यादव तथा सात अन्य के विरुद्ध याचिका

आठ याचिकाएं

225. 22-8-1992 को श्री वी पी सिंह ने स्वर्श्री राम शरण यादव, अभय प्रताप सिंह, राम लखन सिंह, यादव अनादि चरण दास, रोशन लाल, अर्जुन सिंह यादव, उपेन्द्र नाथ वर्मा तथा सूर्य नारायण यादव, सभी लोक सभा के सदस्य, के विरुद्ध भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के अंतर्गत याचिकाएं दायर की ।

226 सभी याचिकाओं की विषय वस्तु एक जैसी है । इसलिए उन पर एक साथ विचार किया गया है ।

227. साररूप में याचिकादाता का दृष्टिकोण निम्नवत है

(एक) प्रत्यर्थी ने यह दावा नहीं किया कि जनता दल राजनीतिक पार्टी में 7-8-1992 से पूर्व विभाजन हुआ तथा यह कि वह किसी एक गुट से सम्बन्धित है ।

(दो) दसवीं अनुसूची के पैरा 3(क)(1) में संसद में दल के विभाजन से पूर्व राजनीतिक दल में विभाजन की संकल्पना की गई है, जो कि हुआ नहीं दिखाया गया है ।

(तीन) श्री अजित सिंह तथा सात अन्य सांसदों को संगत तारीख, अर्थात 7-8-1992 से पूर्व तीन तारीखों को दल की प्राथमिक सदस्यता से निलम्बित किया गया। अतएव अपने निलम्बन की तारीखों को वे संसद में जनता दल के सदस्य नहीं रह गए थे ।

(चार) श्री राम सुन्दरदास तथा तीन अन्य सांसदों ने 17-7-1992 को जारी किए गए व्हिप का उल्लंघन किया था । अतएव वे व्हिप का उल्लंघन करने की तारीख से लोक सभा की सदस्यता से निरर्हित होने के दायी हो गए थे।

(पांच) इस प्रकार प्रत्यर्थी संसद में जनता दल के 1/3 सदस्यों का समूह नहीं बना सके क्योंकि निलम्बित सदस्य तथा निरर्हित सदस्य 7-8-1992 को समूह का भाग नहीं बन सकते थे ।

(छह) इन कारणों से, प्रत्यर्थियों ने 7-8-1992 से लोक सभा के सदस्य होने की निरर्हता का दायित्व उपगत किया है ।

(सात) तीन समूह-एक निष्कासित सदस्यों का समूह, दूसरा उन सदस्यों का समूह, जिनकी व्हिप के उल्लंघन के कारण संसद की सदस्यता छिन गई तथा उन प्रत्यर्थियों का समूह, जो भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 3 (क)(1) के अन्तर्गत लाभ का दावा करने के लिए समूह बनाने के लिए इकट्ठे नहीं हो सके ।

(आठ) याचिकादाता के अनुसार, जिन सदस्यों को दल के अध्यक्ष द्वारा दल की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था, उनकी संसदीय दल की सदस्यता निष्कासन की तिथि से समाप्त हो गई ।

(नौ) भूतपूर्व अध्यक्ष ने उपरोक्त स्थिति को स्वीकार किया था उन्होंने निष्कासित सदस्यों को असम्बद्ध सदस्य माना था ।

(दस) जनता दल के अध्यक्ष ने संसद में अपने दल के सदस्यों को दल विरोधी गतिविधियों के कारण अलग अलग तारीखों को निष्कासित किया और निष्कासन की इन तारीखों में अनेक दिनों का अन्तराल है ।

(ग्यारह) अन्य सदस्य संसद में जनता दल के सदस्य बने रहे । वास्तव में कुछ ने दल के चुनावों में भी भाग लिया।

(बारह) प्रत्यर्थियों का कहना है कि जनता दल के अध्यक्ष द्वारा आठ सदस्यों को निष्कासित करने के पहले अथवा उसके बाद जनता दल राजनीतिक पार्टी का कोई विभाजन नहीं हुआ।

(तेरह) उनका कहना कि दसवीं अनुसूची के पैरा 3(क)(1) के अंतर्गत उन्मुक्ति का दावा करने के लिए राजनीतिक दल में विभाजन होना चाहिए और बाद में संसदीय दल में भी विभाजन होना चाहिए । दो विभाजनों के बिना सदस्य दसवीं अनुसूची के पैरा 3(क)(1) के अंतर्गत उन्मुक्ति का लाभ नहीं उठा सकते ।

(चौदह) उनका कहना है कि श्री अजित सिंह ने अदालत और निर्वाचन आयोग के समक्ष अपने अभिकथनों में राजनीतिक दल में विभाजन का दावा नहीं किया है उनका कहना था कि वह मूल जनता दल के अध्यक्ष थे।

(पन्द्रह) दल-बदल विरोधी कानून में व्यवस्था है कि एक राजनीतिक दल और एक विधान दल होगा ।

(सोलह) संसद के कुछ सदस्यों द्वारा राजनीतिक दल में विभाजन नहीं किया जा सकता । विभाजन बड़ी संख्या में दल के सदस्यों द्वारा ही हो सकता है ।

(सत्रह) अतः यह माना जा सकता कि जनता दल राजनीतिक पार्टी में कानून के अनुसार विभाजन हुआ ।

(अठारह) अध्यक्ष को 7-8-92 को संसद में अलग सीटें निर्धारित करने के लिए आवेदन करने में प्रत्यर्थियों का आचरण दल छोड़ने की कोटि में आता है जैसाकि भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(29) के अन्तर्गत अनुध्यात है ।

(उन्नीस) याचिकादाता ने प्रार्थना की है कि यह घोषित किया जाए कि प्रत्यर्थी निरर्हता के अध्यधीन हो गए हैं और वह 7-8-92 से लोक सभा के सदस्य नहीं रहे ।

228. प्रत्यर्थियों ने अपने लिखित कथन 31-8-92 को दायर किए ।

इसमें सारूप में यह कहा गया है कि —

(i) याचिकादाता द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर उन्होंने अन्य मामलों में वर्ण अभिकथनों में दिया है ।

(ii) प्रत्यर्थियों का दावा है कि वह मूल जनता दल के सदस्य हैं और उनका यह दावा अन्य मंचों पर सिद्ध होगा ।

(iii) उनका कहना है कि 7-8-1992 को संसदीय दल का विभाजन हुआ और जो दल अलग हुआ वह जनता दल संसदीय पार्टी के एक-तिहाई सदस्यों के बराबर हैं ।

229. इस मामले में याचिकादाताओं द्वारा किए गए दावे और अजित सिंह और श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री और तीन अन्य सांसदों के विरुद्ध दायर किए गए दावे और इन याचिकाओं में और अन्य याचिकाओं में प्रत्यर्थियों द्वारा किए गए दावे भ्रम में डालने वाले और परस्पर विरोधी हैं ।

230. दोनों पक्षों द्वारा किए गए दावे में विद्यमान अंतर्विरोध के बावजूद अभिकथनों, साक्ष्यों, और तर्कों के सारगर्भित होने के कारण जनता दल 7-8-1992 से पहले विभाजित हो गया। इन दोनों दलों ने न्यायालय तथा निर्वाचन आयोग के समक्ष भी जो निवेदन किए हैं वे भी पर्याप्त सारगर्भित हैं । इसलिए दसवीं अनुसूची के पैरा 3(क)(1) में जिन उन्मुक्ति के लिए उपबंध किया गया है उसके लिए प्रत्यर्थी दावा कर सकता है ।

231. यह पहले अभिनिर्धारित है कि जनता दल का अध्यक्ष संसदीय दल के श्री अजित सिंह तथा अन्य तीन सदस्यों को निष्कासित नहीं कर सकता और उनके अधिकारों और कर्तव्य को न्यून भी नहीं कर सकता । वे जनता दल के संसदीय दल के सदस्य बने रहेंगे ।

232. यह भी अभिनिर्धारित है कि 7-8-1992 को श्री राम सुन्दर दास तथा अन्य तीन सदस्य जनता-दल के संसदीय दल और लोक सभा के विधिमान्य सदस्य थे । अतः वे उस तारीख को जनता दल के संसदीय दल के पृथक ग्रुप का एक भाग गठित कर सकते थे ।

233. अतः यह अभिनिर्धारित करना कठिन नहीं है कि श्री अजित सिंह और सात अन्य सांसद, श्री राम सुन्दर दास और अन्य तीन सांसद तथा प्रत्यर्थी संसद में जनता दल के एक-तिहाई सदस्यों से युक्त ग्रुप को गठित कर सकते थे तथा जनता दल संसदीय दल के अन्य सदस्यों से पृथक हो सकते थे और इसके लिए उन्हें निरर्ह नहीं माना जा सकता ।

234. याचिकादाता का यह तर्क विधिमान्य, वैध और उचित नहीं है कि दल से निष्कासित सदस्यों की संसदीय दल की सदस्यता समाप्त हो गई है । इसे अनुचित मानने के कारणों के बारे में पूर्ववर्ती पैराओं में बताया गया है ।

235. विगत में "असम्बद्ध" शब्द के अर्थ को जिस रूप में स्वीकार किया गया है । उसके बारे में भी पूर्ववर्ती पैराओं में उल्लेख किया गया है । इस मामले में याचिकादाता द्वारा दिए गए सुझाव उचित और विधिमान्य नहीं है ।

226. इसीलिए यह अभिनिर्धारित करना संभव नहीं है कि भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(ख) के संदर्भ में प्रत्यर्थी लोक सभा की सदस्यता के लिए निरर्ह साबित हुआ है ।

237. अतः इस याचिका को खारिज किया जाता है ।

श्री अजित सिंह तथा अन्य तीन के विरुद्ध नियम 2(1) (क) के अधीन याचिका I

श्री अजित सिंह तथा अन्य तीन के विरुद्ध याचिका

238. जनता दल संसदीय दल के मुख्य सचेतक श्री श्रीकांत जैना ने 3–10–1992 को भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के संदर्भ में सर्वश्री अजित सिंह, रशीद मसूद, हरपाल पंवार तथा सत्यपाल सिंह यादव के विरुद्ध संयुक्त याचिका फाइल की थी ।

239. यह याचिका जनता दल संसदीय दल के नेता श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा फाइल नहीं की गयी थी।

240. याचिकादाता इस बात को दुहराता है कि प्रत्यर्थी को दल के अध्यक्ष द्वारा जनता की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया था, अन्य चार सदस्यों को भी उनकी दल-विरोधी गतिविधियों के कारण निष्कासित किया गया था, तथा अन्य चार इस आधार पर भी लोक सभा की सदस्यता के लिए निर्हं साबित होते है कि उन्होंने सचेतक के आदेशों का उल्लंघन किया है ।

241. याचिकादाता का कहना है कि 7–8–1992 को प्रत्यर्थियों और चार अन्य निष्कासित सदस्यों तथा अन्य चार सदस्यों, जो निरर्हणीय हो गये थे तथा अन्य आठ सदस्यों ने लोक सभा में अपने लिए पृथक स्थान की मांग करते हुए एक आवेदन किया।

242. उसका कहना है कि श्री अजित सिंह ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में दावा किया था कि 5–2–1992 को जनता दल का विभाजन हो गया था और उन्हें मूल जनता दल का अध्यक्ष बनाया गया था ।

243. याचिका का पैरा 7 बहुत ही प्रासंगिक है और उसका पाठ निम्नप्रकार है:

"कि किसी संसद सदस्य के उसकी अपनी पार्टी द्वारा निष्कासन से सभा में उसकी सदस्यता समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(ग) का, जिसे मसौदा विधान में मूलरूप से शामिल किया गया था, संशोधन विधेयक में लोप कर दिया गया था । इसलिए याचिकादाता ने उसके विरुद्ध निष्कासन आदेश जारी किये जाने का तुरन्त बाद सभा से प्रत्यर्थियों की निरर्हता की मांग करते हुए उनके विरुद्ध याचिका दायर नहीं की।

244. याचिकादाता का कहना है कि 5–2–1992 को विभाजन के परिणाम स्वरूप बने धड़े में केवल चार सदस्य थे ।

245. उसके अनुसार, जनता दल संसदीय पार्टी के केवल तीन सदस्यों के साथ जनता दल के एक धड़े का अध्यक्ष बनने का उनका कृत्य अपनी पार्टी छोड़ने के बराबर था । चूंकि ये चार सदस्य संसद में जनता दल के सदस्यों की संख्या के एक-तिहाई के बराबर नहीं थे, इससलिए वे 5–2–1992 से लोक सभा की सदस्यता से निरर्हणीय हो गये ।

246. याचिका के पैरा 13 का पाठ निम्न प्रकार है: "13 इसलिए प्रत्यर्थियों की उपर्युक्त स्वीकृति, जिसके परिणामस्वरूप वे निरर्हता के पात्र हो गये है, को देखते हुए इस मामले में प्रत्यर्थियों का निष्कासन विधिमान्य था अथवा नहीं, इस प्रश्न पर विचार नहीं किया जाए।

247. प्रार्थना की जाती है कि प्रत्यर्थियों को 5-2-1992 से लोक सभा के सदस्य बने रहने से निरर्ह घोषित किया जाए ।

248. इस याचिका में याचिकादाता का दृष्टिकोण अन्य याचिकाओं में श्री वी.पी. सिंह के दृष्टिकोण से बिलकुल भिन्न है ।

249. याचिकादाता प्रत्यर्थियों को अपनी याचिका दायर करने की तारीख अर्थात 3–10–1992 को भी अपनी संसदीय पार्टी के सदस्य के रूप में मानता है और उस दृष्टिकोण का वे परित्याग कर देता है जिसके अन्तर्गत उसकी पार्टी प्रत्यर्थियों तथा उसकी संसदीय पार्टी के चार अन्य सदस्यों को संसद में असंबद्ध तथा उसकी पार्टी का न होने के रूप में मानती थी।

250. यह दृष्टिकोण परस्पर विरोधाभासी है ।

251. प्रत्यर्थियों ने अपना लिखित बयान 4–11–1992 को दिया था।

252. प्रत्यर्थियों का दृष्टिकोण सारतः इस प्रकार है:— प्रत्यर्थियों ने आठ सदस्यों के निष्कासन, व्हिप के उल्लंघन के आधार पर चार सदस्यों की निरर्हता तथा पार्टी छोड़ने के आधार पर आठ सदस्यों की निरर्हता के प्रश्नों पर वही बात दोहराई है जो उन्होंने अन्य याचिकाओं में कही थी ।

253. उनका कहना है कि वे मूल जनता दल के सदस्य है और इस प्रकार अन्य सभी जनता दल के सदस्य हैं, सिवाए उनके जो विशिष्ट रूप से ऐसा मानने से इंकार करते है ।

254. उन्होंने अन्य अधिकांश बातों का खण्डन किया है ।

255. रिकार्ड में यह दिखाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य है कि 7–8–1992 से पूर्व जनता दल में विभाजन हो गया था।

256. दसवीं अनुसूची संसदीय दल में न कि संसद से बाहर राजनीतिक पार्टी में विभाजन से संबंधित है । यह कानून निर्वाचित सदस्यों से गठित संसदीय पार्टी को संरक्षण प्रदान करता है और संसद से बाहर राजनीतिक पार्टी को संरक्षण प्रदान नहीं करता। इसका उद्देश्य दल-बदल को रोकना है । इसका उद्देश्य संसद से बाहर राजनीतिक दलों को संरक्षण प्रदान करना नहीं है । इसलिए प्रत्यर्थियों को 5–2–1992 के अपर्याप्त संख्या से पार्टी छोड़ने के आधार पर निरर्ह घोषित नहीं किया गया जा सकता ।

257. इसलिए, याचिका खारिज किए जाने लायक है और इसे खारिज किया जाता है ।

दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1) (क) के अधीन श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री और तीन अन्य सदस्यों के विरुद्ध याचिका।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री तथा तीन अन्य सदस्यों के विरुद्ध याचिका

258. 3–10–1992 को श्री श्रीकान्त जेना, संसद में जनता दल के मुख्य सचेतक ने भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के अनुसार सर्व/श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री, राम निहोर राय, राम अवध और शिव शरण वर्मा के विरुद्ध एक संयुक्त याचिका दायर की ।

259. कुल 14 याचिकाओं में से 12 याचिकाएं संसद में जनता दल के नेता श्री वी० पी० सिंह द्वारा दायर की गई हैं और 2 याचिकाएं संसद में जनता दल के मुख्य सचेतक श्री कान्त जेना द्वारा दायर की गई है ।

260. श्री वी०पी० सिंह ने लगभग सभी याचिकाओं में दावा किया है कि श्री अजित सिंह तथा तीन अन्य सदस्यों की दल की प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर दी गई है और इसलिए वे जनता दल संसदीय दल की अपनी सदस्यता खो चुके थे अतः वे श्री बोम्मई की अध्यक्षता वाले जनता दल के एक भाग के रूप में अपेक्षित संख्या में सदस्यों सहित अलग ग्रुप नहीं बना सके ताकि अलग होने वाले सदस्य अयोग्य घोषित न हो सकें ।

261. श्री श्रीकान्त जेना ने इस याचिका तथा श्री अजित सिंह और तीन अन्य सदस्यों के विरुद्ध दायर की गई याचिका में दावा किया है कि श्री अजित सिंह और तीन अन्य सदस्यों ने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया था कि 5–2–1992 को वे श्री बोम्मई की अध्यक्षता वाले दल से अलग हो गए थे तथा 5–2–1992 को उन्होंने एक नए दल का गठन कर लिया था ।

262. यदि नया दल बनाया गया था और यदि श्री अजित सिंह तथा अन्य सदस्य नए दल के सदस्य बन गए थे तो वे अपेक्षित संख्या में संसदीय दल से अलग होने के लिए 7–8–1992 को दल में सम्मिलित नहीं हो सकते थे ।

263. इस प्रकार 7–8–1992 को अन्य शेष सदस्य केवल 16 थे और वे अपेक्षित संख्या वाले ग्रुप का गठन नहीं कर सके और इसलिए इस याचिका में उल्लिखित प्रतिवादी, जिन्होंने 7–8–92 को अध्यक्ष महोदय को दिए गए आवेदन में हस्ताक्षर किए थे, अपर्याप्त संख्या में अपना दल छोड़ने के कारण अयोग्य हो गए ।

264. श्री वी.पी. सिंह द्वारा कही गई बात श्री श्रीकान्त जेना द्वारा कही गई बात के विपरीत है ।

265. याचिकादाता ने मांग की है कि प्रतिवादी को एक निश्चित मत कायम करना चाहिए और उसे कभी स्वीकार और कभी अस्वीकार नहीं करना चाहिए तथापि, याचिकादाता स्वयं उसे कभी स्वीकार और कभी अस्वीकार करते प्रतीत होते हैं।

266. ऐसा प्रतीत होता है कि जनता दल के "आर बोम्मई के नेतृत्वाधीन गुट ने अपने इस मत को त्याग दिया है कि संसद सदस्यों को संसदीय दल से निकाला जा सकता है ।

267. प्रतिवादियों ने 4–11–1992 को अपना लिखित वक्तव्य दर्ज कराया है ।

268. लिखित वक्तव्य द्वारा वे कहते हैं कि श्री अजीत सिंह और सात अन्य सदस्य कानूनी तौर पर जनता दल संसदीय पार्टी से नहीं निकाले जा सकते थे, कि श्री राम सुन्दर दास और तीन अन्य सदस्य इस आधार पर अनर्ह नहीं ठहराये जा सकते थे कि उन्होंने उन्हें जारी किये गये व्हिप का उल्लंघन किया था ।

269. उन्होंने कहा है कि श्री अजीत सिंह और तीन अन्य सदस्य वास्तविक जनता दल के हैं और इस प्रकार जनता दल संसदीय पार्टी के सभी अन्य सदस्य उसके गुट के हैं बशर्ते उनमें से कोई विशेष रूप से कोई भिन्न घोषणा न करे।

270. ऐसा पहले ही से माना जाता है कि जनता दल के अध्यक्ष श्री अजीत सिंह और तीन अन्य सदस्यों को जनता दल की संसदीय पार्टी से निष्काषित नहीं कर सकते थे और उनके अधिकारों और कर्तव्यों को कम नहीं कर सकते थे । वे जनता दल की संसदीय पार्टी के सदस्य बने रहे ।

271. यह भी माना जाता है कि श्री राम सुन्दर दास और तीन अन्य सदस्य 7–8–1992 को जनता दल की संसदीय पार्टी और लोक सभा के वैध सदस्य थे । इसलिए उस तारीख को जनता दल संसदीय पार्टी से अलग हो रहे गुट के सदस्य बन सकते थे ।

272. इसलिए ऐसा मानने में कोई कठिनाई नहीं है कि श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री और तीन अन्य सांसद तथा सोलह अन्य प्रतिवादी संसद में जनता दल के 1/3 सदस्यों का एक गुट बना सकते हैं और अनर्ह हुये बिना जनता दल संसदीय पार्टी के अन्य सदस्यों से अलग हो सकते हैं ।

273. याचिकादाता का यह मत वैध, कानूनी और उचित नहीं है कि दल से निष्काषित सदस्य संसदीय पार्टी की सदस्यता खो चुके हैं । इसके उचित न होने के कारण पिछले पैरा में दिए गए हैं ।

274. इसलिए यह निर्णय लेना संभव नहीं है कि भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के अनुसार प्रतिवादी लोक सभा के सदस्य रहने के लिए अनर्ह हो गए हैं।

275. अतः जब उक्त आवेदन अध्यक्ष को दिया गया, इस पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्य अपेक्षित संख्या में उपस्थित थे और इसलिए इस याचिका में जो प्रतिवादी है, वे अपर्याप्त संख्या में अपनी पार्टी से अलग हो जाने के आधार पर अनर्ह हुये नहीं माने जा सकते ।

276. इसलिए यह निर्णय लिया जाता है कि याचिका रद्द किये जाने योग्य है और इसे रद्द किया जाता है ।

मामले तथा विधि पर कुछ विचार।

इस प्रकरण में मुद्दे कितने महत्वपूर्ण जटिल तथा पीड़ा-दायक हैं ? इसके नैतिक कानूनी तथा राजनीतिक पहलू ।

277. यह मामला महत्वपूर्ण और जटिल है । यह थोड़ा पीड़ादायक भी है ।

278. यह महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका भारत के लोकतन्त्र और संसदीय प्रणाली पर प्रभाव पड़ता है।

279. यह जटिल है क्योंकि इसमें भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची और भारतीय नागरिकों को तथा संसद में उसके प्रतिनिधियों की स्वतंत्रता, उनके अधिकारों और दायित्वों की व्याख्या अन्तर्ग्रस्त है।

280. दसवीं अनुसूची एक नया कानून है। ऐसे पूर्वोदाहरण अधिक संख्या में उपलब्ध नहीं है जिनके आधार पर इसका निर्वाचन किया जाए और इसे लागू किया जाए। यह न तो सरल है न ही त्रुटिहीन है।

281. इस पूरे मामले में एक आवेदन और चौदह याचिकाएं है। याचिकाओं में कुछ तर्क तो परस्पर विरोधी और अप्रासंगिक भी हैं।

282. इस प्रकरण से संबंधित पक्षों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि उन्हें इस प्रकरण से जुड़े कानूनी मुद्दों की ठीक-ठीक जानकारी होगी। उसके दृष्टिकोण कानूनी होने के बजाए राजनीतिक रहे हैं।

283. यह प्रकरण पीड़ादायक रहा है क्योंकि समय-समय पर पार्टियों द्वारा ऐसे शब्द प्रयोग किए गए हैं जो आघात पहुंचाते हैं। फिर भी इसे सभी संबंधित पार्टियों द्वारा अन्ततः जिम्मेदाराना तरीके से निपटाया गया। इस मामले में उपस्थित होने वाले वकील इस मामले पर प्रकाश डालने में सफल रहे तथा उन्होंने संयमित और तर्कपूर्ण ढंग से कार्यवाही को चलाया।

284. कुछ व्यक्तियों के अनुसार इस मामले के नैतिक, कानूनी और राजनीतिक पहलू हैं।

285. नैतिकता से जुड़े मामलों पर न्याय देना आसान नहीं है। जिन्हें कानून के आधार पर मामलों को निपटाना होता है, उनके लिए मुद्दे पर निर्णय लेते समय उसमें नैतिकता के सिद्धान्तों को लागू करने की गुंजाइश बहुत कम होती है। पार्टियों द्वारा लिए गए नैतिक निर्णयों और कानूनी निर्णयों के बीच विरोध हो सकते हैं। कानूनन ऐसे मामलों में कानूनी निर्णय को वरीयता मिलती है जिन्हे निर्णय लेना होता है, उन्हें कानून के आधार पर निर्णय लेते समय भरसक नैतिकता के सिद्धान्त को ध्यान में रखना होता है।

286. इस प्रकार के मामलों में कानून के आधार पर निर्णय लेना होता है। वर्तमान मामले में कानून के आधार पर निर्णय लिया जाना है। कानून के आधार पर निर्णय लेना आसान है। परन्तु यदि कानून स्पष्ट न हो, अथवा उसका सही निर्वाचन नहीं किया जाता है, तो निर्णय लेना भी कठिन हो जाता है।

287. राजनैतिक मामले और पहलूओं दोनों ही प्रायः स्पष्ट नहीं होते और जटिल होते हैं। वे समस्याओं और मुद्दों को सुलझा भी सकते हैं, पैदा कर सकते हैं और उन्हे जटिल भी बना सकते हैं। वे प्रशंसनीय अथवा अप्रशंसनीय, सरल अथवा पीड़ादायक भी सिद्ध हो सकते है।

288. ऐसे मामलो में राजनैतिक पहलुओं के पीड़ादायक विशेषताओं को अभिव्यक्त करने वाले अवसर सीमित भी हो सकते हैं अथवा असीमित भी हो सकते है। कोई व्यक्ति केवल यही आशा ही कर सकता है कि उनकी भूमिका सीमित और प्रतिष्ठित हो सकती है।

289. वर्तमान मामला 20 सांसदों की सदस्यता से संबंधित है जो दो करोड़ से भी अधिक भारतीय नागरिकों के प्रतिनिधि हैं। वे जनता द्वारा निर्वाचित किये जाते हैं। लोकतंत्र में, जनमत का अपना ही महत्व है।

290. तथापि जनप्रतिनिधियों से यह आशा की जाती है कि वे कानूनों का पालन करेंगे। दल-बदल की समस्या पर काबू पाना आसान कार्य नहीं है। यदि यह समस्या अनियंत्रित रहती है, यह संसदीय और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का विनाश कर सकती है।

291. अतः कोई भी कदम अनियंत्रित और आवेगपूर्ण तरीके से नहीं उठाए जाते हैं। बल्कि न्याय करने के लिए कदम उठाए जाते हैं। जिन्हें कानून का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है उन्हें सजा हो सकती है।

292. निर्णय करना आसान नहीं है।

293. जिस व्यक्ति को किसी निर्णय पर पहुंचना है और निर्णय करना है उसके लिए केवल एक ही मार्ग उपलब्ध है कि वह स्वविवेक से न्याय करे। इस मामले में भी ऐसा ही करने का प्रयास किया गया है।

इस कानून के बारे में कुछ सुझाव

दसवीं अनुसूची

294. भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची को जिन उद्देश्य के लिए लाया गया है वह इसमें काफी हद तक सफल रही है। इसमें कुछ खामियां और दोष भी है। उन्हें अब दूर कर दिया गया है और अब वे बिल्कुल स्पष्ट हो गई है। उन्हें अब कानून में नहीं रखा जाना चाहिए।

व्याख्याएं

295. इसमें कुछ शब्दों और वाक्यांशों का प्रयोग किया गया है जिन्हें स्पष्ट नहीं किया गया है। उनकी उचित व्याख्या दी जानी चाहिए ताकि उनमें उल्लिखित अवधारणाओं को अधिक सुस्पष्ट और सुव्यक्त बनाया जा सके।

संभावित स्थितियां

296. विधि में उन स्थितियों से निपटने का प्रावधान नहीं है जो दल बदल संबंधी मामलों पर विचार करते समय पैदा होती है इसे और अधिक व्यापक बनाया जाना चाहिए तथा इसमें उन संभव स्थितियों के लिए प्रावधान होना चाहिए जो विधि की व्याख्या करने तथा उसे लागू करने से हो सकती हैं।

विधान मंडल के बाहर पार्टी क्रियाकलाप

297. विधान मंडल में दल बदल पर इस विधि के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। विधान मंडल मे दल बदल राजनैतिक दलों के क्रियाकलापों से संबंधित होती है। संसदीय दलों के सदस्यों के क्रियाकलाप संविधान की दसवी अनुसूची, अन्य उपन्धो, अन्य संबंधित विधियों तथा विधान मंडल

द्वारा अनुसरण किये जा रहे कार्य संचालन नियमों के अन्तर्गत आते हैं ।

298. विधान मंडल के बाहर राजनैतिक दलों के क्रियाकलाप विधिक उपबंधों के अनुसार नहीं किए जाते हैं क्योंकि इस प्रयोजनार्थ कोई विधि विद्यमान नहीं है । उनको कठिन विधियों के अन्तर्गत रखना सरल अथवा वांछनीय नहीं है । राजनैतिक दलों को अपने क्रियाकलापों को स्वेच्छा से करने की आजादी होनी चाहिए। लेकिन समय-समय पर विधान मंडल में दल बदल पर नियंत्रण करने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि राजनैतिक दलों के क्रियाकलाप अपेक्षित ढंग से किए जाएं ।

299. इसे कैसे किया जा सकता है इस बात की जांच की जानी चाहिए । राजनैतिक दलों के कुछ क्रियाकलापों को दसवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए इसे और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है ताकि यह अधिक प्रभावी बन सके अथवा सभी संबंधित लोगों द्वारा राजनैतिक दलों के क्रियाकलापों को अपेक्षित ढंग का बनाने के लिए सहमत होकर कोई अन्य विधान बनाया या पारित किया जा सकता है ।

निर्णायक प्राधिकारी

300. इस समय दल बदल विरोधी कानून से संबंधित मामलों पर अध्यक्ष और सभापति निर्णय करते हैं ।

301 मूलतः उनके निर्णय अन्तिम समझे जाते थे जब उन पर न्यायपालिका द्वारा पुनरीक्षा की जाती है । विधि में निर्णयों को अन्तिम मानने और न्यायपालिका द्वारा पुनरीक्षा न किये जाने संबंधी उपबन्ध को इस आधार पर रद्द कर दिया गया है कि इसका अपेक्षित संख्या में राज्य विधान मण्डलों द्वारा अनुसमर्थन नहीं किया गया क्योंकि इसमें न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार को समाप्त करने की बात निहित है ।

302. यदि अध्यक्ष या सभापति द्वारा दिये गये निर्णय को अन्तिम रूप देने के बारे में निर्णय लिया जाता है तो जिस उपबन्ध को रद्द कर दिया गया था उसे इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया द्वारा पुनः बहाल किया जा सकता है ।

303. फिर भी न्यायपालिका निर्णयों की पुनरीक्षा करने संबंधी निहित क्षेत्राधिकार का दावा कर सकती है ।

304. परन्तु विधि में अध्यक्ष या सभापति के निर्णय को अन्तिम रूप दिए जाने संबंधी उपबन्ध को ध्यान में रखते हुए निहित क्षेत्राधिकार का प्रयोग बहुत कम और विशेष मामलों में ही किया जा सकता है जोकि बार-बार और नियमित रूप में पुनरीक्षा करने देने के मामलों से भिन्न है ।

305. या हम विधि में संशोधन करके यह उपबंध कर सकते हैं कि यदि दल बदल विरोधी कानून से संबंधित मामले संसद से संबंधित हों तो इन मामलों का निर्णय उच्चतम न्यायालय के एक या दो न्यायाधीशों द्वारा और यदि ये मामले राज्य विधानमण्डलों से संबंधित हों तो उच्च न्यायालय के एक या दो न्यायाधीशों द्वारा किया जा सकता है ।

306. इन मामलों को निर्णय के लिए न्यायपालिका को देने के अनेक लाभ हैं ।

307. कानूनी मामलों को निपटाने के लिए न्यायधीश बेहतर स्थिति में होते हैं । दल-बदल विरोधी कानून से संबंधित मामलों पर पूरी तरह से कानून के अनुसार ही निर्णय लिया जाना होता है । अध्यक्ष या सभापति विधि विशेषज्ञ और कानून में पारंगत हो भी सकते हैं और नहीं भी । परन्तु यह निश्चित है कि वह इस संबंध में उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समतुल्य नहीं हो सकते, जिनका मुख्य कार्य ही कानूनी मामलों की सुनवाई करना है और कानून के अनुसार ही उन पर निर्णय देना है ।

308. जब दल बदल विरोधी कानून से संबंधित मामलों की अध्यक्ष या सभापति द्वारा सुनवाई की जाती है तो विवाद में संबंधित दल उनके समक्ष उपस्थित होते हैं और मामलों की पैरवी करते हैं। वे तथ्यों और कानून की व्याख्या की प्रक्रिया एवं सिद्धान्तों से पूर्णरूपेण अवगत हो भी सकते है और नहीं भी । इसलिए वे इस प्रकार के मामलो पर निर्णय लेने में सीमित रूप से ही सहायक हो सकते हैं ।

309. वकील लोग इस तरह से बहस कर सकते हैं और मामलों की पैरवी कर सकते हैं जो मामलों को बेहतर तरीके से निपटाने में सहायक होते हैं, किसी न्यायालय में वकील लोग लोक सभा अध्यक्ष अथवा राज्य सभा के सभापति के सम्मुख पेश हो सकते हैं जैसा कि वर्तमान मामले में हुआ है । लेकिन लोक सभा अध्यक्ष और राज्य सभा के सभापति के सम्मुख पेश होने की प्रक्रिया और उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश के सम्मुख पेश होने की प्रक्रिया में अंतर है ।

310. जब अध्यक्ष अथवा सभापति के समक्ष मामले की पैरवी की जाती है तो जो तर्क-वितर्क दिए जाते है उनका आधार कानूनी न होकर राजनैतिक होता है ।

311. दसवीं अनुसूची भारत के संविधान का एक अंग है । संविधान की व्याख्या करने का दायित्व उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय को है । इसलिए यह बेहतर होगा यदि दसवीं अनुसूची से संबंधित मामलों का निर्णय उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश करें ।

312. हमारे देश के विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारियों ने इस विषय पर विचार किया है । इस बारे में उनका अपना-अपना दृष्टिकोण है इन मामलों में वे पुनः विचार करने के बाद निष्कर्ष निकाल सकते हैं ।

313. इस पहलू पर कई अन्य मंचों पर भी विचार किया गया है । इस बारे में अब अंतिम रूप से विचार करके, यथा शीघ्र निर्णय ले लिया जाना चाहिए ।

व्हिप (सचेतक)

314. भारत के सभी नागरिक स्वेच्छा से मतदान कर सकते हैं, लेकिन, जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को अपने दल के नेताओं के निदेशानुसार मतदान करना होता है ।

315. इस प्रावधान को व्हिप का उल्लंघन करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए सम्मिलित किया गया था । दल-बदल विरोधी कानून में इस आशय का प्रावधान करने की आवश्यकता है ।

316. क्या यह आवश्यक है कि जन प्रतिनिधियों को सभी मामलों में एक विशेष ढंग से मत देने के लिए कहा जाए ?

317. सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान तथा चुनाव घोषणा पत्र में शामिल विषयों पर चर्चा के दौरान और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों को एक विशेष रुख अपनाने तथा विशेष ढंग से मतदान करने के लिए कहा जा सकता है ।

318. उन सभी विषयों में, जिन पर मत विभाजन के दौरान मत देने के एक विशेष ढंग को अपनाने के निर्देश दिये जा सकते हैं, उसको कानून का एक अंग बनाया जा सकता है तथा उसका सभी दलों और सदस्यों द्वारा पालन किया जा सकता है । इन विषयों पर मत विभाजन के दौरान सदस्यों को विशेष ढंग से मतदान करने के निर्देश भी दिये जा सकते हैं ।

319. शेष विषयों पर मत विभाजन के समय सदस्यों को विशेष विधि द्वारा ही मतदान करने के निर्देश देने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

320. यदि दसवीं अनुसूची में इस प्रकार के प्रावधानों को सम्मिलित कर दिया जाए तो हम वह उद्देश्य प्राप्त कर लेंगे जिसके लिए दलबदल विरोधी कानून बनाया गया है तथा यह कानून मूलभूत अधिकारों के अध्याय में उल्लेखित सिद्धान्तों व दूसरे देशों में संसदीय तथा लोकतान्त्रिक प्रणालियों में अनुपालित सिद्धान्तों को विधान मण्डल के सदस्यों को और अधिक सुगमतापूर्वक उपलब्ध करवाने में सहायक होगा ।

कानून में अन्य प्रावधान :

321. कानून में कुछ अन्य ऐसे प्रावधान हैं जिनकी आलोचना की गई है तथा जिन्हें विधान मण्डलों में कार्य करने वाले और अन्य लोगों द्वारा पसन्द नहीं किया जाता ।

322. कुछ प्रावधान ऐसे हैं जिन्हें परिष्कृत और सुगम बनाने की आवश्यकता है ।

323. कुछ स्वागतयोग्य प्रावधानों को इसमें शामिल करके इस कानून को और अधिक कठोर व प्रभावी बनाया जा सकता है ।

इस प्रयोजनार्थ समिति :

324. उपर्युक्त प्रयोजनों तथा अन्य प्रयोजनों के लिए भी दसवीं अनुसूची से सम्बन्धित मामलों पर विचार करने के लिए केन्द्रीय कार्यपालिका, राज्य-कार्यपालिका के प्रतिनिधियों, विधान-मंडलों के पीठासीन अधिकारियों के प्रतिनिधियों तथा विधायकों, संसदीय एवं विधायी मामलों में दक्ष न्यायविदों एवं अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करके एक समिति गठित की जा सकती है तथा की जानी चाहिए तथा उस समिति को कानून में निहित खामियों एवं तत्सम्बन्धी कठिनाइयों को दूर करने के बारे में कम समय में एक विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा जा सकता है । तत्पश्चात् प्रतिवेदन पर तत्परता से कार्यवाही की जा सकती है ।

क्या हम कोई अन्य उपाय अपना सकते हैं ?

325. क्या इन उद्देश्यों के लिए हम कोई अन्य उपाय अपना सकते हैं ?

326. क्या हम संविधान में ऐसे प्रावधान जोड़ सकते हैं जिससे उस किस्म के कानून रखने की आवश्यकता न पड़े, जिस प्रकार के अब हैं ।

327. ऐसे संकेत हैं कि ऐसा संभव है और किया जा सकता है ।

328. वास्तव में यह कैसे किया जा सकता है, इस स्थान पर विस्तार में इस बात की चर्चा करने की न तो आवश्यकता है और न ही ऐसा किया जा सकता है । स्मरणीय और द्रष्टव्य बिन्दु यह है कि इस सुझाव पर अमल संभव है और उसकी जांच की जानी चाहिए और यदि वह व्यवहारिक हो तो उस पर अमल होना चाहिए ।

आदेश

1. यह अभी निर्धारित किया जाता है कि संसद के 20 सदस्य जिन्होंने "श्री एक" अंकित आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं, 7-8-1992 को संसद के सदस्य थे ।

2. आवेदन में उनके द्वारा की गई प्रार्थना स्वीकार्य है और इस समय मौजूदा सांसदों के संबंध में स्वीकार की जाती है ।

3. भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची और लोक सभा के सदस्य (दल-बदल के आधार पर अनर्हता) नियम, 1985 के अंतर्गत यह फैसला किया जाता है—

(एक) कि सर्वश्री राम सुन्दर दास, गोविन्द चंद्र मुण्डा, गुलाम मोहम्मद और राम बदन लोक सभा के सदस्य के रूप में अनर्ह हो गये हैं और इस आदेश की तिथि में वे लोक सभा के सदस्य नहीं रहे हैं;

(दो) कि श्री वी.पी. सिंह द्वारा सर्वश्री अनादि चरण दास, सूर्य नारायण यादव, रामलखन सिंह यादव, राम शरण यादव, रोशन लाल, अर्जुन सिंह यादव, अभय प्रताप सिंह और उपेन्द्र नाथ वर्मा संसद सदस्यों के विरुद्ध दायर की गई याचिकाएं ;

(तीन) कि श्री श्री कान्त जैना द्वारा सर्वश्री अजीत सिंह, रशीद मसूद, हरपाल पंवार और सत्यपाल सिंह यादव, संसद सदस्यों के विरुद्ध दायर याचिका;

(चार) कि श्री श्रीकान्त जैना द्वारा सर्वश्री राजनाथ सोनकर शास्त्री, राम निहोर राय, राम अवध एवं श्री शिव शरण वर्मा के विरुद्ध दायर याचिका;

इस आधार पर रद्द की जाती हैं कि 7-8-1992 को जब वो लोग दल से अलग हुए उस समय वे सभी लोक सभा के सदस्य थे और उनकी सदस्य संख्या जनता दल विधायी पार्टी की कुल सदस्यों की संख्या का 1/3 भाग के बराबर थी ।

इस आदेश की प्रतियां याचिकादाताओं, व्यक्तियों/सदस्यों, जिनके संबंध में याचिकाएं दी गई हैं तथा लोक सभा में जनता दल के विधायी पार्टी के नेता को अग्रेषित की जाएं ।

(शिवराज वी. पाटिल)
अध्यक्ष, लोक सभा ।

संसद भवन,
नई दिल्ली ।
तिथि—1 जून, 1993

[सं. 46/1/92/टी.]
सी.के. जैन, महासचिव

LOK SABHA SECRETARIAT

NOTIFICATION

New Delhi, the 1st June, 1993

S.O. 350(E).—The following Decision dated 1 June, 1993, of the Speaker, Lok Sabha, given under the Tenth Schedule to the Constitution of India is hereby notified :—

BEFORE HONOURABLE SPEAKER LOK SABHA

In the matter of application filed by 20 Members of Janata Dal Legislature Party on 7 August 1992

&

In the matter of four petitions filed by Shri V. P. Singh against S|Shri Ram Sundar Das, Govind Chandra Munda, Ghulam Mohammed Khan and Ram Badan, MPs

&

In the matter of eight petitions filed by Shri V. P. Singh against S|Shri Anadi Charan Das, Suryanarayan Yadav, Ramlakhan Singh Yadav, Ram Sharan Yadav, Roshan Lal, Arjun Singh Yadav, Abhay Pratap Singh and Upendranath Verma, MPs

&

In the matter of two composite petitions filed by Shri Srikant Jena against (i) S|Shri Ajit Singh, Rasheed Masood, Harpal Panwar and Satyapal Singh Yadav and (ii) S|Shri Rajnath Sonkar Shastri, Ramnihore Rai Ram Awadh and Shivsharan Verma, MPs.

FACTS

MAIN POINTS IN THE PLEADINGS

1. The Janata Dal got 59 Members elected to the Tenth Lok Sabha. Shri V. P. Singh was the Leader of the Janata Dal Parliamentary Party.

2. On 7-8-1992, S|Shri Ramlakhan Singh Yadav, Ram Sharan Yadav, Ram Sundar Das, Upendranath Verma, Suryanarayan Yadav, Govind Chandra Munda, Anadi Charan Das, Ajit Singh, Rashid Masood, Harpal Panwar, Abhay Pratap Singh, Ghulam Mohammed Khan, Ramnihore Rai, Ram Badan, Ram Awadh, R. Sonker Shastri, Shivsharan Verma, Satyapal Singh Yadav, Arjun Singh Yadav, and Roshan Lal gave an application to the Speaker asking that they should be given separate seats in the Lok Sabha. It is marked as "D1"

3. The application bore the signatures of the above mentioned 20 Members of the Lok Sabha and also four more signatures. These four signatories did not accompany the 20 Members when the application was delivered to the Speaker.

4. The 20 Members were asked to sign the application again, confirming that they had put their signatures on the application of their free will.

5. A photocopy of the said application was sent to Shri V. P. Singh for his comments.

6. Shri V. P. Singh filed his written statement on 11-8-1992.

7. In essence what is stated in the written statement is as follows :

(i) S|Shri Ajit Singh, Rashid Masood, Harpal Panwar and Satyapal Singh Yadav, all Members of the Lok Sabha, were expelled from the primary membership of Janata Dal By Shri S. R. Bommai, President of the Janata Dal. Shri Ajit Singh was expelled on 26-12-1991. The three others were expelled in the month of January 1992.

(ii) S|Shri R. Sonker Shastri, Ramnihore Rai, Ram Awadh and Shivsharan Verma, all Members of the Lok Sabha, were expelled from the primary membership of the Party by Shri S. R. Bommai, President of the Janata Dal on 19-7-1992.

(iii) As such, the eight Members mentioned above had also lost their membership of Janata Dal Legislature Party.

(iv) They could not thus form part of the group of 20 Members seeking to separate from their original Party i.e. Janata Dal.

(v) S|Shri Ram Sundar Das, Govind Chandra Munda, Ghulam Mohammed Khan and Ram Badan, all Members of the Lok Sabha, had violated the whips issued to them, for voting in favour of the No Confidence Motion moved against the Government on 17-7-1992. Under the provision of Rule 2(1)(b) of the Tenth Schedule of the Constitution of India, they had incurred disqualification, and they had ceased to be Members of the Lok Sabha from 17-7-1992.

(vi) Thus, out of 20 Members, 12 Members had incurred disqualification, and ceased to be the Members of the Lok Sabha.

(vii) S|Shri Ram Sharan Yadav, Abhay Pratap Singh, Ramlakhan Singh Yadav, Anadi Charan Das, Roshan Lal, Arjun Singh Yadav, Upendranath Verma and Suryanarayan Yadav—all eight Members of the Lok Sabha, could not form a group of Members consisting of 1/3 of Members of Janata Dal Parliamentary Party who could separate from Janata Dal as per the provision of para 3 of the Tenth Schedule of the Constitution of India. They too had incurred disqualification under para 2(1)(a) of the Tenth Schedule and ceased to be Members of Lok Sabha from 7-8-1992.

(viii) So, the Application of the said 20 Members should be rejected.

8. In terms of para 2(1)(b) of the Tenth Schedule, Shri V. P. Singh filed petitions against S|Shri Ram Sundardas Das, Govind Chandra Munda, Ghulam Mohammad Khan and Ram Badan, all Members of the Lok Sabha, on 11-8-1992.

9. In essence, the relevant points in the petitions are identical. They are as follows :

(i) The Respondents were directed to vote in favour of the No Confidence Motion moved against the Government.

(ii) On 17-7-1992, voting took place on the said Motion.

(iii) The Respondents abstained from voting and violated the whip issued to them voluntarily

(iv) Therefore, they incurred the disqualification and ceased to be the Members of the Lok Sabha from 17-7-1992.

(v) The Petitioner sought a declaration to that effect.

10. The Respondents filed their written statements on 19-8-1992.

In essence, they state that :

(i) They had not violated the whips voluntarily.

(ii) They tried to vote on the Motion as per the directions of the Party;

(iii) But, due to the reason, given in para 11 of each of the written statements, they could not abide by the whips issued to them.

(iv) Their acts were involuntary and so they were not liable to be disqualified.

11. In Para 11 of his written statement, Shri Ram Sundar Das says, in essence that—

